केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
14 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

शब्द और सोच दूरियां बढ़ा देते है, क्योंकि...... कभी हम समझ नहीं पाते, और कभी समझा नहीं पाते।

वर्ष 14 अंक 22 | उज्जैन, शनिवार 1 जुलाई 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### यात्रियों को शराब लेकर यात्रा की अनुमति देने के दिल्ली मेट्रो के कदम का महिला कार्यकर्ता ने किया विरोध

**नईदिल्ली/जीएनएस।** मेट्रो में यात्रा के दौरान यात्रियों को शराब की दो सीलबंद बोतलें साथ ले जाने की अनुमति देने के दिल्ली मेट्रो के कदम पर एक महिला कार्यकर्ता ने शुक्रवार को कहा कि इस फैसले से महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी और उन्होंने इस फैसले को वापस लेने की मांग की। हालांकि, पुलिस ने आश्वस्त किया है कि कड़ी निगरानी रखी जाएगी और अगर कोई ''हंगामा'' करते पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समूचे मेट्रो नेटवर्क में नियमों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से यह फैसला किया गया है। सीआईएसएफ दिल्ली मेट्रो में सुरक्षा का जिम्मा संभालता है। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और अन्य 'मेट्रो लाइन' के लिए अलग-अलग नियम रखना ''वांछनीय'' नहीं है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने कहा कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन को छोड़कर अब तक दिल्ली मेट्रो में शराब ले जाना प्रतिबंधित था। दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों ने कहा कि यात्रियों को अब शराब की दो सीलबंद बोतलें साथ ले जाने की अनुमति होगी लेकिन मेट्रो परिसर के अंदर शराब के सेवन पर सख्त प्रतिबंध है।

### समान नागरिक संहिता का मसौदा जल्द ही उत्तराखंड सरकार को सौंपा जाएगा

**देहरादून/जीएनएस।** रंजना प्रकाश देसाई ने शुक्रवार को कहा कि उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मसौदा तैयार हो गया है और इसे जल्द ही राज्य सरकार को सौंप दिया जाएगा। उत्तराखंड सरकार ने पिछले साल विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी। इस समिति की प्रमुख देसाई ने कहा कि समिति ने सभी प्रकार की राय और चुनिंदा देशों के वैधानिक ढांचे सहित विभिन्न विधानों एवं असंहिताबद्ध कानूनों को ध्यान में रखते हुए मसौदा तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, समिति ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित विभिन्न पारंपरिक प्रथाओं की ''बारीकियों'' को समझने की कोशिश की है। देसाई ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''मुझे आपको यह जानकारी देते हुए काफी प्रसन्नता हो रही है कि उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''प्रारूप संहिता के साथ समिति की रिपोर्ट जल्द ही प्रकाशित की जाएगी और उत्तराखंड सरकार को सौंप दी जाएगी।''

### दिल्ली विश्वविद्यालय को दुनिया में शीर्ष पर ले जाने के लिए जुट जाएं छात्र-शिक्षक, मोदी का आह्वान

**नईदिल्ली/जीएनएस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से अगले 25 वर्षों में विश्वविद्यालय को विश्व की शीर्ष रैंकिंग में पहुंचाने के लिए दिन रात एक करने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी को इस संकल्प को पूरा करने में भागीदारी करनी होगी। देश के युवा सफलता की नयी कहानी लिखने में सक्षम हैं और वे अपने विश्वविद्यालयों को श्रेष्ठ बनाकर अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के निर्माण में भी योगदान दे सकते हैं। श्री मोदी ने शुक्रवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए यह बात कही। दिल्ली मेट्रो में सफर कर विश्वविद्यालय पहुंचे श्री मोदी ने विद्यार्थियों के साथ खुली और बेबाक बातचीत करने हुए विश्वविद्यालय जीवन के हर पहलू का उल्लेख किया और कहा कि युवाओं को कॉलेज जीवन को जी भर कर जीते हुए अपनी तथा देश की भलाई की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की सॉफ्ट पावर भारतीय युवाओं की सफलता की कहानी बन सकती है। इस सबके लिए हमारी यूनिवर्सिटीज़ को, हमारे संस्थानों को तैयार होना है, अपने माइंडसेट को तैयार करना है। हर यूनिवर्सिटी को अपने लिए एक रोडमैप बनाना होगा, अपने लक्ष्यों को तय करना होगा। सभी को मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि जब अगले 25 वर्षों में इस संस्थान की स्थापना के 125 वर्ष पूरे हों तो इसकी गिनती दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों में हो, इसके लिए सभी को प्रयास बढाना होगा।

# नवनियुक्त युवा सच्चे कर्म योगी बनें - मुख्यमंत्री चौहान

## मध्यप्रदेश की प्रगति और विकास में कमी नहीं छोड़ें ››मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए



**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश और प्रदेश अपनी माँ है। शासकीय सेवा में नवनियुक्त युवा बेहतर कार्य कर माँ के प्रति कर्त्तव्य को पूरा करने में पूरा योगदान दें। सर्वश्रेष्ठ राज्य बना कर दुनिया में प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि योग्यता, कर्मठता, ईमानदारी और पारदर्शिता से आपका शासकीय सेवा में चयन हुआ है। आप टीम मध्यप्रदेश का हिस्सा बन गये हैं। आपका टीम मध्यप्रदेश में स्वागत है। मैंने एक लाख शासकीय नौकरी देने की घोषणा की थी, अब तक 55 हजार भर्तियाँ की जा चुकी हैं। 15 अगस्त से पहले एक लाख भर्तियाँ पूरी हो जाएंगी। इसके बाद अगले 50 हजार पदों पर भी भर्ती की प्रक्रिया चालू की जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय समत्व भवन में शासकीय सेवा में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित कर उन्हें, उनके माता-पिता और गुरूजनों को बधाई दी।

ऊर्जा, लोक निर्माण, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित विभिन्न विभागों में चयनित लगभग 2000 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। जल संसाधन, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन श्री विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और नवनियुक्त युवा उपस्थित थे।

### आप जनता के सेवक बनकर कार्य करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आप और हम सब जनता के सेवक हैं। प्रदेश की जनता को बेहतर सुविधायें देने के लिए सेवक बनकर कार्य करें। नौकरी को सिर्फ रोजगार नहीं समझें, यह जनता की सेवा की गारंटी है। शासकीय सेवा में आना दुर्लभ अवसर है। इसका बेहतर से बेहतर उपयोग करें, जिससे मध्यप्रदेश विकास की ऊँचाइयों को छू सके। दिल में कुछ करने की तड़प हो तो वह चैन से नहीं बैठने देती है। ऐसी ही तड़प रख कर आप संकल्प शक्ति के साथ जनता की सेवा में जुट जायें। सकारात्मक सोच और दृष्टिकोण के साथ प्रदेश की प्रगति और विकास के?लिए कार्य करें।

### तेजी से आगे बढ़ रहा है प्रदेश

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमारा प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। पहले प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रूपए थी, जो अब बढ़ कर एक लाख 40 हजार रूपए हो गई है। मध्यप्रदेश की जीएसडीपी पहले 71 हजार करोड़ रूपए थी, जो अब बढ़कर 15 लाख करोड़ रूपए हो गई है। बिजली का उत्पादन 2900 मेगावॉट से बढ़ कर 28 हजार मेगावॉट हो गया है। चारों तरफ विकास और प्रगति के कार्य हो रहे हैं। रोजगार और कौशल, सिंचाई, शहरों के विकास, पेयजल, पंचायत, ग्रामीण विकास, ऊर्जा, वन सहित हर दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने की अनंत संभावनाओं को पूरा करने में आपका योगदान बेहतर हो।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब से गरीब बहना अपने आपको अकेला महसूस नहीं करें, इसके लिए लाड़ली बहना योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने चयनित युवाओं के साथ समूह चित्र खिंचवाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

## आवर्ती जमा समेत कुछ बचत योजनाओं पर ब्याज दरें बढ़ी, पीपीएफ में कोई बदलाव नहीं



**नईदिल्ली/जीएनएस।** सरकार ने जुलाई-सितंबर तिमाही के लिये आवर्ती जमा (आरडी) समेत कुछ बचत योजनाओं पर शुक्रवार को ब्याज दर 0.3 प्रतिशत तक बढ़ा दी। बैंकों में जमाओं पर बढ़ती ब्याज दरों के बीच यह कदम उठाया गया है। हालांकि निवेशकों के बीच लोकप्रिय सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर मिलने वाले ब्याज में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह 7.1 प्रतिशत पर बरकरार रखी गई है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, सबसे ज्यादा 0.3 प्रतिशत ब्याज पांच साल के आवर्ती जमा (आरडी) पर बढ़ाया गया है। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आवृत्ति जमा धारकों को 6.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जो अब तक 6.2 प्रतिशत था। ब्याज दरों की समीक्षा के बाद डाकघरों में एक साल की मियादी जमाओं (एफडी) पर ब्याज 0.1 प्रतिशत बढ़कर 6.9 प्रतिशत मिलेगा।

वहीं दो साल की मियादी जमा पर ब्याज अब 7.0 प्रतिशत होगा जो अब तक 6.9 प्रतिशत था। हालांकि तीन साल और पांच साल की मियादी जमाओं पर ब्याज को क्रमश- 7.0 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। इसके साथ पीपीएफ में जमा राशि पर ब्याज को 7.1 प्रतिशत और बचत खाते में जमा पर ब्याज को 4.0 प्रतिशत पर बनाए रखा गया है। राष्टीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर भी एक जुलाई से 30 सितंबर, 2023 तक के लिये ब्याज को 7.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। बालिकाओं के लिये बचत योजना सुकन्या समृद्धि योजना पर भी ब्याज दर 8.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित है।

वरिष्ठ नागरिक बचत योजना और किसान विकास पत्र पर ब्याज क्रमश- 8.2 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत रहेगा। इसके पहले, जनवरी-मार्च तिमाही के साथ-साथ अप्रैल-जून तिमाही में भी लघु बचत योजनाओं पर ब्याज बढ़ाये गये थे।लघु बचत योजना पर ब्याज दरें तिमाही आधार पर अधिसूचित की जाती हैं। मासिक आय योजना पर ब्याज में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इस पर पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई को काबू में लाने के लिये पिछले साल मई से नीतिगत रेपो दर को 2.5 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दियाहै। इससे जमाओं पर भी ब्याज दरें बढ़ी हैं। हालांकि केंद्रीय बैंक ने पिछली दो मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कोई इजाफा नहीं किया है।


## रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को किया फोन, यूक्रेन के हालात की दी जानकारी

**मॉस्को/जीएनएस।** रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को फोन किया और उन्होंने पीएम मोदी को यूक्रेन के हालात और वैगनर समूह के विद्रोह की जानकारी दी। पुतिन ने आज पीएम मोदी के साथ यूक्रेन के आसपास की स्थिति और मॉस्को ने सशस्त्र भाड़े के लड़ाकों के विद्रोह को कैसे हल किया, इस पर चर्चा की। इसके आलावा दोनों नेताओं ने रूस और भारत के बीच विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख संयुक्त परियोजनाओं के निरंतर कार्यान्वयन के महत्व पर ध्यान दिया और साथ ही शंघाई सहयोग संगठन और जी20 में सहयोग को लेकर भी पीएम मोदी और पुतिन के बीच बात हुई ।




**उज्जैन में होगा शब्दों की अस्मिता का अनुष्ठान**

## आज धूमधाम से आयोजित होगा मालवा पत्रकारिता उत्सव




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदलती परिस्थितियों में पत्रकारिता विषय पर उज्जैन प्रेस क्लब का मंथन आगामी 1 जुलाई 2023 शनिवार को मालवा पत्रकारिता उत्सव 2023÷ आयोजित होने जा रहा है, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार शब्दों की अस्मिता पर न सिर्फ मंथन करेंगे बल्कि दो सत्रों मैं आयोजित होने वाले आयोजन के माध्यम से अपने विचार व्यक्त कर इस मालवा पत्रकारिता उत्सव की गरिमा को बढ़ाएंगे।

संपूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल सिंह हाड़ा ने बताया कि आगामी 1 जुलाई शनिवार को ÷प्रो. रामसखा गौतम सभागार, सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान भरतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र उज्जैन पर दो सत्रों में मालवा पत्रकारिता उत्सव 2023 आयोजित किया जा रहा है आपने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः कालीन सत्र की शुरुआत प्रातः 10:30 बजे से होगी जिसमें नई दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार पंकज शर्मा, इंदौर से वरिष्ठ पत्रकार श्रवण गर्ग, इंदौर और भोपाल से प्रदेश टुडे मीडिया के चेयरमैन ह्रदयेश दीक्षित माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे और इस बात पर अपने विचार व्यक्त करेंगे कि वर्तमान समय में बदलती परिस्थितियों के बीच आकर पत्रकारिता किस तरह से की जा रही है वर्तमान में हमें और क्या सुधार लाने की आवश्यकता है और इस समय पत्रकारों को आखिर किन विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा है प्रथम सत्र सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक जारी रहेगा जिसके बाद द्वितीय सत्र सांय 5:00 बजे से 7:30 बजे तक होगा जिसमें नई दिल्ली से पत्रकार अशोक वानखेडे वरिष्ठ पत्रकार एवं सुमित अवस्थी, भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार दीपक तिवारी, ग्वालियर के वरिष्ठ पत्रकार डॉ राकेश पाठक और स्टेट प्रेस क्लब मध्य प्रदेश के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल विशेष रूप से उपस्थित होकर मालवा पत्रकारिता उत्सव का मान बढ़ाएंगे..।

# झाबुआ जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोला जावे आदिवासी बहुल जिले के साथ भाजपा सरकार ने भेदभाव किया: कांतिलाल भूरिया

## जिला कांग्रेस युवा कांग्रेस संगठन द्वारा जिला स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी

**झाबुआ/ माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** जून आदिवासी बहुल जिले में भी मेडिकल कॉलेज खोला जाना चाहिए झाबुआ जिला एक आदिवासी बहुल जिला होने के साथ यहां पर स्वास्थ्य सेवाएं काफी कमजोर है। शासन द्वारा प्रदेश के अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति दी जा रही है ऐसे में झाबुआ व अलीराजपुर आदिवासी बहुल जिलों की उपेक्षा कर भेदभाव किया जा रहा है जो कि उचित नहीं है। उक्त बात पूर्व केन्द्रीय मंत्री व झाबुआ विधायक कांतिलाल ने कही है उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हमेशा आदिवासी जिलों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया गया है अन्य जिलों में मेडिकल कॉलेज की घोषणा की वही आदिवासी युवाओं के साथ सौतेला व्यवहार किया गया भाजपा सरकार 20 वर्ष के कार्यकाल में मेडिकल कॉलेज आदिवासी जिलों में नहीं दे पाई वही लॉ कॉलेज को बंद कर भाजपा ने जिले के कानून की पढ़ाई करने वाले छात्रों के साथ खिलवाड़ किया है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

उक्त बात प्रेस नोट के माध्यम से संभागीय प्रवक्ता साबिर फिटवेल ने बताया कि उल्लेखनिय है कि वर्तमान में सरकार द्वारा प्रदेश में छः मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसमें झाबुआ जिले की उपेक्षा करते हुए उसे छोड दिया गया है जबकि झाबुआ अलीराजपुर जिले में इसकी अत्यन्त आवश्यकता है। यहां के गरीब आमजनता एवं ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी युवा अजजा वर्ग के छात्र-छात्राएं जिन्हे चिकित्सा शिक्षा के लिए बहार जाना पडता है वहां जाने से उन्हे आर्थिक नुकसान होता है। कई परिवार के बच्चे आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण बहार जाने समर्थ नहीं होते है और वे प्रतिभावन बच्चों का भविष्य खराब हो जाता है साथ ही मेडिकल कॉलेज ना होने से जहां एक ओर गरीब आदिवासी एवं आमजन को ईलाज हेतु उचित सुविधा प्राप्त नहीं होती है यदि मेडिकल कॉलेज जिले में प्रारंभ होता है तो उन्हे ईलाज हेतु गुजरात एवं अन्य बडो शहरों की ओर नहीं जाना पडेगा। अन्य स्थानों पर ईलाज हेतु जाने पर आर्थिक खर्च बहुत ज्यादा हो जाता है तथा वहां रहने एवं खाने आदि की समस्याओं से भी झुझना पडता है। भाजपा सरकार के आदिवासी जिलों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाने पर जिला कांग्रेस व युवा कांग्रेस संगठन द्वारा शीघ्र ही आंदोलन की रूपरेखा बनाकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

इस सबंध में जिले के विधायकगण वीरसिह भूरिया थांदला, वालसिंह मेडा पेटलावद एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनल भाबर महासचिव म.प्र. कांग्रेस कमेटी, निर्मल मेहता जेवियर मेडा एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विजय भाभोर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्वेता गंगा महोनिया, एनएसयुआई अध्यक्ष विनय भाभोर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गौरव सक्सेना महामंत्री आशीष भूरिया चंदूलाल पडियार ठाकुर हनुमंत सिंह संगठन मंत्री जसवंत भावर गेंदाल डामोर यामीन शेख सुरेश मुथा शंकर सिंह भूरिया हेमचंद डामोर रूप सिंह डामोर मन्नालाल हाड़ा जितेंद्र सिंह राठौड़ बंटू अग्निहोत्री सलेलपठान नंदलाल मेड अजय वोहरा कालू सिंह नलवाया महिला कांग्रेस कलावती मीणा आशा मचार यश विनता मोहनिया वीणा कुंवर राठौर सुनीता अलावा मालू डोडिया शीला मकवाना दिनेश गा हरी जितेन्द्र शाह प्रवक्ता अली असगर बोहरा आचार्य नामदेव वसीम सैयद राजेश डामोर काना गुण्डिया, कैलाश डामोर मथियार भूरिया गोपाल शर्मा सलीम शेख नटवर डोडिया कीलू भूरिया नरव वेश अमलियार दीपू डोडिया दिनेश मीणा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा आदिवासी बाहुल्य जिला झाबुआ अलीराजपुर की उपेक्षा की जा रही है तत्काल जिले में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करने की मांग की है साथ ही यदि शासन द्वारा उक्त मांग को पूर्ण नहीं कियाजाता है तो जिला कांग्रेस कमेटी युवा कांग्रेस संगठन के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिले में आन्दोलन करेंगी।

## समान काम समान वेतन का प्रयास करेंग- महापौर

### सफाई मित्रों को ड्रेस एवं उपकरण वितरण समारोह आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हमारे सफाई मित्र दिन-रात कड़ी मेहनत करते हैं। हमारा प्रयास होगा कि हम इन्हें समान कार्य के मान से समान वेतन उपलब्ध करा सकें, हम इस हेतु शासन को प्रस्ताव भेजेंगे।

यह बात महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कही। आप नगर निगम द्वारा आयोजित सफाई मित्रों के ड्रेस एवं सुरक्षा उपकरण वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। महापौर ने कहा कि ड्रेस कर्मचारी की पहचान है, कर्मचारियों से अपेक्षा है कि ड्रेस पहनकर ही अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहें। इसी प्रकार सुरक्षा उपकरण जो आपको भेंट किये जा रहे हैं उनका भी अनिवार्य रूप से उपयोग करें। महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कहा कि हम सफाई मित्रों और उनके परिवार के विकास के पक्षधर है। हमारा यह भी प्रयास होगा कि सफाई मित्रों के बच्चों को शिक्षा प्राप्ती में सहयोग करें ताकि वे पढ़-लिख कर अपने जीवन स्तर को और अधिक ऊंचा उंठा सकें।

समारोह के आरंभ में स्वास्थ्य विभाग प्रभारी श्री सत्यनारायण चौहान ने सम्बोधित करते हुए सफाई अमले की भूमिका की सरहाना की। समारोह में सफाई मित्रों को ड्रेस एवं सुरक्षा उपकरण भेंट किये गए।

इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, श्री रजत मेहता, श्री सत्यनारायण चौहान, श्री जितेन्द्र कुवाल, श्री कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, झोन अध्यक्ष श्री विजय सिंह कुशवाह, श्री पुरूषोत्तम मालवीय, श्री संग्राम सिंह भाटीया, पार्षद श्री दिलीप सिंह परमार, श्रीमती निर्माला करण परमार, उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त श्रीमती कीर्ति चौहान, श्रीमती पुजा गोयल, स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय कुलश्रेष्ठके साथ ही बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित रहें। संचालन जनसंपर्क अधिकारी श्री रईस निज़ामी ने किया। बैठक में एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, श्री सत्यनारायण चौहान, श्री रजत मेहता, झोन अध्यक्ष श्री विजय सिंह कुशवाह, उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता उपस्थित रहें।

## सारंगी में पेसा कानून अन्तर्गत शांति एवं विवाद निवारण समितियों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**झाबुआ (पेटलावद) माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानीय पुलिस चौकी सारंगी में पेसा कानून के अंतर्गत गठित ग्राम सभा शांति एवं विवाद निवारण समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें पेसा ब्लॉक समन्वयक अधिकारी कैलाश निनामा ने शांति एवं विवाद निवारण समितियों को समझाते हुए बताया की हमारे क्षेत्र में सरकार ने जनजाति समाज को सशक्त बनाने के लिए पेसा कानून लागू किया गया है, उसके बाद भी हम लोग थानों पर क्यों आते हैं? हम लोग कोर्ट कचहरी के चक्कर क्यों लगाते हैं? जबकि पेसा कानून ये कहता है कि पारंपरिक रूप से हमारी ग्राम सभा ही पुलिस थाना हैं और हमारी ग्राम सभा ही न्यायालय हैं तो फिर हम लोग छोटे छोटे मामले लेकर थानों पर क्यों आते हैं हम लोगों को ऐसे मामले जो गंभीर अपराध की श्रेणी में न आते हो ऐसे मामलों को हमें ग्राम सभा के माध्यम से गांव में ही निपटा लेना चाहिए। हम लोग छोटे-छोटे मामलों को लेकर थाने पर आते हैं और एफआईआर होने के बाद वो मामला कोर्ट कचहरी तक पहुंच जाता है और वही मामला कितना लम्बा समय ले लेता है उसकी कोई समय सीमा नहीं होती है। जबकि हम लोगों को मामलों में एफआईआर होने के बाद कायमी होने के बाद जेल जाना पड़ता है और जमानत पर आने के बाद कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते हैं और अंत में हमें ग्राम सभा के माध्यम से समझौता करना पड़ता है। हम लोग घूम फिरकर लास्ट में ग्राम सभा में जाते हैं तो क्यों न हम पहले ही इन मामलों को लेकर ग्राम में निपटारा कर लें। इसलिए हमारे जनजाति समाज को आर्थिक रूप से भी नुकसान होता है। साथ ही समय भी बर्बाद होता है। इसलिए हमें ऐसे मामलों को शांति एवं विवाद निवारण समितियों के माध्यम से ग्राम में ही सर्वसहमति से निपटारा करना चाहिए। इसके साथ ही कैलाश निनामा ने पेसा के सभी प्रावधानों को विस्तार से बताया ताकि पेसा कानून को लेकर लोगों में किसी प्रकार से कोई अभाव न रहें।इस अवसर पर सारंगी चौकी प्रभारी रामसिंह चौहान एवं अन्य पुलिस कर्मी, साथ ही पेसा मोबलाइजर राकेश गामड़, मनोज पड़ियार, विजय वसुनिया, मुकेश मावी, राकेश चरपोटा, गोविंद डामर, अजय कटारा, सोवनी सोलंकी एवं चौकी के अंतर्गत आने वाले गांवों की शांति समितियों के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं से भस्मारती और जलाभिषेक के नाम पर धोखाधड़ी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बाबा महाकाल के दरबार में श्रद्धालुओं से दर्शन और जलाभिषेक के नाम पर धोखाधड़ी होने के मामले नहीं थम रहे है। गुरूवार को छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के साथ भस्मारती और गर्भगृह से जलाभिषेक के नाम 21 हजार 600 रूपये की धोखाधड़ी होना सामने आया है। मंदिर प्रशासक ने मामले में शिकायत दर्ज करने के लिये प्रतिवेदन महाकाल थाना पुलिस को सौंपा है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में शासकीय विभागों के साथ ही सांसद, विधायक, महापौर और जनप्रतिनिधियों के नाम पर भस्मारती अनुमति बनवाने और गर्भगृह में जलाभिषेक रसीद के लिए कोटा निर्धारित है। कुछ लोग प्रोटोकॉल के नाम पर व्यवस्था लेकर श्रद्धालुओं से अधिक राशि वसूल कर भस्मारती अनुमति और रसीद कटवाने का काम कर रहे हैं। ऐसा एक मामला छत्तीसगढ़ के श्रद्धालुओं के साथ होना सामने आया है। जिनसे 21 हजार 600 रूपये वसूल लिये गये थे। मामला मंदिर समिति के पास पहुंचने पर प्रशासक संदीप सोनी ने मामले की जांच शुरू कराई। जिसमें सामने आया कि छत्तीसगढ़ से 6 श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे थे। यहां पर श्रद्धालुओं की मुलाकात बाहरी पुरोहित घनश्याम शर्मा और यश शर्मा से हुई। दोनों ने 6 लोगों की भस्मारती अनुमति बनवाने और गर्भगृह से जलाभिषेक रसीद कटवाने के नाम पर 21 हजार 600 रूपए लिए थे। श्रद्धालु जब गर्भगृह में समय सीमा के दौरान जलाभिषेक नहीं कर सके तो मंदिर प्रशासन तक शिकायत पहुंची है। श्रद्धालुओं की शिकायत के बाद मंदिर समिति ने घनश्याम शर्मा और यश शर्मा से पूछताछ की। दोनों ने बताया कि भस्मारती अनुमति उन्होने सोनू पारिक के माध्यम से और गर्भगृह जलाभिषेक की रसीद भावेश जोशी के माध्यम से कटवाई गई थी। मंदिर प्रशासन की जांच में सामने आया कि जो भस्मारती अनुमति बनवाई थी वह विधायक मुरली मोरवाल के कोटे से बनी थी। जलाभिषेक के लिए रसीद कटवाने के लिए प्रोटोकॉल पाइंट महापौर के नाम पर उनके प्रतिनिधि पवन के माध्यम से डलवाया गया था। हालांकि मंदिर समिति ने जब सोनू और भावेश के मोबाइल नंबर पर कॉल किया तो दोनों के मोबाइल बंद थे। शिकायत के आधार पर मंदिर प्रशासन में जांच प्रतिवेदन के साथ शिकायत पत्र महाकाल थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के लिए सौंपा है।

**ऑफलाइन अनुमति बंद होने के बाद प्रोटोकॉल से दुरुपयोग**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में करीब 3 माह पहले से ही भस्मारती अनुमति, जलाभिषेक रसीद, शीघ्र दर्शन रसीद व पूजा की रसीद ऑनलाइन करने के बाद से श्रद्धालुओं से ठगी होने के मामले बंद हुए हैं। ऐसे में मंदिर प्रशासन द्वारा विभिन्न विभाग और वीआईपी व्यक्तियों को प्रोटोकॉल के माध्यम से व्यवस्था दी गई है, उनके नाम पर अनुमति और जलाभिषेक रसीद के नाम पर अधिक राशि लेकर प्रोटोकॉल व्यवस्था का दुरुपयोग सामने आने लगा है। सबसे अहम बात यह है ऐसे मामले सामने आते हैं तो जिसके नाम पर प्रोटोकोल व्यवस्था तय है, उनकी भी जिम्मेदारी है कि वे यह देखें कि उनके नाम पर दी गई प्रोटोकॉल व्यवस्था का कहीं दुरुपयोग तो नहीं हो रहा है। तभी यह व्यवस्था सही रूप से चल सकेगी और बाहरी श्रद्धालुओं से अधिक राशि लेने और ठगी करने जैसे मामले बंद हो सकेंगे।

## युवक-युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात युवक-युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। दोनों की पहचान प्रेमी-युगल के रूप में एक ही गांव के रहने वालों के रूप में की गई है। शुक्रवार को शव परिजनों को सौंपे गये। बिरलाग्राम पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी करणसिंह पाल ने बताया कि रात में खजूरनाला दुर्गापुरा रेलवे पटरी पर युवक-युवती का शव पड़ा होने की सूचना शांति एक्सप्रेस के लोको ड्रायवर ने दी थी। जांच में सामने आया कि युवक-युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या की है। दोनों के शव नागदा अस्पताल भेजे गये और शिना त के प्रयास शुरू किये। इस दौरान सामने आया कि दोनों ग्राम पारदी के रहने वाले सुनील पिता बलराम (21) और पूजा पिता कैलाश बागरी (18) है। रात में परिजनों को सूचना दी गई। सुबह अस्पताल पहुंचे परिजनों ने पहचान करते हुए बताया कि दोनों का प्रेम प्रसंग चल रहा था, एक ही समाज के है। गांव से रात में कब निकले पता ही नही चला। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गये है। जांच के बाद ही आत्महत्या की वजह स्पष्ट हो पायेगी। परिजनों से ऐसी कोई बात नहीं बताई है, जिससे आत्महत्या करने की वजह सामने आ सके।

## डीईओ श्री चतुर्वेदी एवं लोनिवि के कार्यपालन यंत्री श्री बंसल को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी बिदाई

### सम्मान समारोह आयोजित



**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला शिक्षा अधिकारी अभिलाष चतुर्वेदी एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालनयंत्री गिरीश बंसल 30 जून को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को कलेक्टर कक्ष में सम्मान समारोह आयोजित कर कलेक्टर कैलाश वानखेड़े द्वारा शॉल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर कैलाश वानखेड़े ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के व्यक्तित्व एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनकी भूरी- भूरी प्रशंसा की तथा शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया। कलेक्टर ने अधिकारियों के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना करते हुए शेष जीवन परिवार के साथ खुशी-खुशी बिताने की शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त अधिकारियों ने भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए शासकीय दायित्वों के निर्वहन में सहयोगी अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम सत्येन्द्र बैरवा, उप संचालक उद्यानिकी सुरेश राठौर, सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग भारती अवास्या, जिला एनआईसी अधिकारी आरजू परिहार, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रीती चौहान, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक प्रेमसिंह चौहान सहित शिक्षा विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान किया गया। उपस्थितजनों को आभार प्रभारी पीओ डूडा पवन कुमार फूलफकीर ने माना।

## कांग्रेस के ताजपुर ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष बने मुकेश पटेल



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिला प्रभारी शोभा ओझा, रामलाल मालवीय एवं जिला अध्यक्ष कमल पटेल की अनुशंसा पर ताजपुर ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश पटेल को बनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक रामलाल मालवीय, कांग्रेस नेता वीर सिंह राणा, नरेंद्र मालवीय, महेंद्र मालवीय, लोकेंद्र सिंह राणा अन्य सभी ने माला पहनाकर शुभकामनाएं दी है।

## स्वच्छ नगर की चाह सबको पर साथ देने को कोई तैयार नहीं

### जनता को जागरूक होने की आवश्यकता



**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा गंदगी नालियों में जमा गाद है। इस गाद में प्लास्टिक की मात्रा सबसे अधिक होती है। नगर परिषद् द्वारा कई बार इन सिंगल युस प्लास्टिक की रोक के लिए अभियान चलाया गया। परन्तु राजनैतिक दबाव के कारण उपयोग करने वाले व्यापारी पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाती है। जिसकी वजह से प्लास्टिक को बंद करना मुश्किल है। जिस समय प्लास्टिक चलन में आयी थी तो लोगों को प्लास्टिक की थैली वरदान से कम नहीं लगती थी। लेकिन आज इसके जो दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं उससे यही साबित हो रहा है कि यह अभिशाप बन गयी है। आज प्लास्टिक व पॉलीथिन पर्यावरण एवं प्राणी जीवन के लिए एक बहुत बड़ी समस्या बन गयी है। सर्वाधिक नुकसान तो पॉलीथिन की थैलियों से हुआ है। इससे पशुओं को नुकसान प्रचुर मात्रा में हो रहा है। हम पॉलीथिन के बैग में सामान लाते हैं और फिर उसे कूड़े के ढेर में फेंक देते हैं। इसे जानवर खा जाते हैं और इससे उनकी मौत तक हो जाती है। पॉलीथिन को जलाने से कार्बन डाईऑक्साइड जैसी विषैली गैस उत्सर्जित होती है। इससे तमाम बीमारियां पैदा होती है। इससे निकलने वाला हाइड्रो कार्बन कैंसर जैसी बीमारी को प्रश्रय देता है। पॉलीथिन के दुष्प्रभाव से एक वर्ष में ही लाखों जीवों की मौत हो जाती है। ओजोन की परत में छेद होने के मुख्य कारण प्लास्टिक को ही माना जा रहा है। अब प्लास्टिक का बहिष्कार करने का समय आ गया है अन्यथा प्रकृति विनाश की ओर बढ़ती चली जाएगी।

नगर परिषद् बदनावर को सिंगल युस प्लास्टिक के खिलाफ एवं स्वच्छता हेतु फिर से अभियान चलाने की आवश्यकता हैएवं उम्मीद की जा रही है इस बार जनता भी इस अभियान में जुड़ कर नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करेगी।

## सार समाचार

### खुशियों की दास्तान

## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

### क्रेशर उद्योग प्रारम्भ कर संजय ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिती मजबूत की



**झाबुआ (पेटलावद) माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अन्तर्गत विकासखण्ड पेटलावद जिला झाबुआ के निवासी संजय कुमार राठौर ने शासन से 50 लाख का ऋष्ण प्राप्त कर स्टोन क्रेशन व्यवसाय प्रारम्भ किया। उन्हें इस ऋष्ण में 35 प्रतिशत अनुदान भी प्राप्त हुआ। क्रेशर उद्योग प्रारम्भ करने से संजय ने अपने परिवार की आर्थिक स्थिती मजबूत की एवं संजय 05 लोगों को रोजगार भी प्रदान कर रहे है। इस संबंध में संजय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, उद्योग मंत्री सकलेचा एवं उद्योग विभाग के समस्त अधिकारियों को हृदय से धन्यवाद देते है।

## जप्त वाहनों की नीलामी 13 जुलाई को

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना बड़ौद में जप्त किए गए वाहनों की नीलामी 13 जुलाई 2023 को प्रातः 10:00 बजे तहसील कार्यालय बड़ौद में होगी। उक्त नीलामी में कोई भी व्यक्ति शासन नियमानुसार अमानत राशि 05 हजार रुपए जमा करवाकर भाग ले सकता है। अमानत राशि तहसील कार्यालय में कार्यालयीन समय पर नीलामी पूर्व जमा करना होगी। साथ ही उक्त नीलामी वाहन का निरीक्षण पुलिस थाना बड़ौद परिसर में कार्यालयीन समय पर थाना प्रभारी से अनुमति प्राप्त कर वाहन निरीक्षण किया जा सकता है।

## मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण हेतु बैठक 04 जुलाई को

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-165 सुसनेर एवं विधानसभा आगर-166 आगर (अजा) में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैलाश वानखेड़े की अध्यक्षता में 04 जुलाई को सायं 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से उक्त बैठक में उपस्थित रहने का आव्हान् किया है।

## स्लाटर हाऊस और मटन चिकन की दुकानें शहर के बाहर स्थानांतरित की जाएगी

### महापौर ने दिए निर्देश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के मध्य स्थित पशुवध गृहों और महाकाल पहुंच मार्ग सहित शहर के विभिन्न मार्गो पर संचालित मांस, मटन और चिकन की दुकानों को शहर के बाहर स्थानान्तरित किया जाएगा। महापौर श्री मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये गए। महापौर श्री कहा कि शहर के बाहर आधुनिक और व्यवस्थित मार्केट निर्मित कराए जाकर गुदरी मटन मार्केट और के.डी. गेट मटन मार्केट को वहां स्थानान्तरित किया जाएगा। इसी प्रकार शहर के प्रवेश मार्गो, महाकाल मंदिर पहुंच मार्ग, माँ क्षिप्रा पहुंच मार्ग सहित शहर के अन्य मार्गो, मोहल्लों में संचालित पशुवध गृहों और मांस, मटन, चिकन की दुकानों को शहर के बाहर स्थानान्तरित किया जाएगा।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने निर्देशित किया है कि इस बाबत् त्वरित प्रस्ताव तैयार कर कार्यवाही आरंभ की जाए ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की भावनाओं और शहर के नागरिकों, धार्मिक संगठनों की मांग का आदर और सम्मान करते हुए शहर के महत्वपूर्ण मार्गो को मांस, मटन, चिकन इत्यादि के प्रदर्शन, पशुवध और विक्रय से मुक्त किया जा सकें।

## सेवा निवृत्ति पर कर्मचारियों का किया सम्मान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम में अपना गौरवशाली कार्यकाल पूर्ण कर सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों का सम्मान समारोह महापौर श्री मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष श्री रवि राय, एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, श्री प्रकाश शर्मा, श्री रजत मेहता, श्री सत्यनारायण चौहान, श्री जितेन्द्र कुवाल, श्री कैलाश प्रजापत, डॉ. योगेश्वारी राठौर, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, झोन अध्यक्ष श्री विजय सिंह कुशवाह, श्री पुरूषोत्तम मालवीय, श्री संग्राम सिंह भाटीया, पार्षद श्री दिलीप सिंह परमार, श्रीमती निर्माला करण परमार, अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर सम्मिलित हुए। समारोह में श्री तुलसीदास पिता खुबचन्द राजवानी, सहायक राजस्व निरीक्षक, श्री ओंकारसिंह पिता रामसिंह, चालक, निगम गैरेज, श्री शफी पिता खाजू, चालक, निगम गैरेज, श्री किशोर पिता बाबुलाल, चालक, फायर ब्रिगेड, श्री मदनलाल पिता सुखराम, क्लीनर, निगम गैरेज का सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया गया।

## संचालन जनसंपर्क अधिकारी श्री रईस निज़ामी ने एवं आभार अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर ने माना।

### आज चक्रतीर्थ पर श्रमदान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिक निगम द्वारा महापौर श्री मुकेश टटवाल के नेत्रत्व में उज्जैन शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में उचित स्थान दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है, निगम द्वारा प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता मुहिम चलाते हुए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है साथ ही उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जा रही है। आज 30 जून शनिवार को प्रातः 07.00 बजे चक्रतीर्थ पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित होगा।

## निगम द्वारा सुअर पकड़ने की मुहिम प्रारंभ

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर में विचरण कर रहे सूअरों को पकड़ने की मुहिम प्रारंभ की गई। शुक्रवार को उपायुक्त श्री संजेश गुप्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय कुलश्रेष्ठ के मार्गदर्शन में सुअर पकड़ो अभियान चलाया जाकर पुलिस लाईन, भेरूगढ, प्रेम नगर, बाल सुधार गृह, इंजिनियरिंग कॉलेज, देवास रोड़ इत्यादि आस-पास के क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए 26 सुअरों को पकड़ा गया। महापौर श्री मुकेश टटवाल, आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी श्री सत्यनारायण चौहान ने सुअर पालकों से अपील की है कि वे अपने सुअरो को शहर से हटा लेवे अन्यथा नगर निगम द्वारा संबंधित सुअर पालको पर सख्त कार्यवाही की जावेगी।

# साफ छवि और ईमानदार मंत्री जी के सपनों की सुंदर सीएम राइज बिल्डिंग से झांक रहा ठेकेदार की एब का धब्बा

**मध्य प्रदेश की पहली सीएम राइज बिल्डिंग में ठेकेदार ने नहीं छोड़ी भ्रष्टाचार में कोई कोर कसर ››लगभग 45 करोड़ के प्रोजेक्ट के तहत बनी यह बिल्डिंग बाहर से तो दुल्हन सी लग रही, और अंदर हाथ लगाते ही बगैर सीमेंट की बालू रेत सर्र से गिर रही**










**गुलाना/ किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड। लोकार्पण के पूर्व सज धज कर बाहर से दुल्हन की तरह लग रही लगभग 45 करोड़ के प्रोजेक्ट के अंतर्गत बनी इस सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग को देख बाहर बेल बूटा व अंदर पेंदा फूटा, कहावत बिल्कुल चरितार्थ हो रही है। क्योंकि इस बिल्डिंग की सजावट बाहर से तो देखने में लोगों को आकर्षित कर रही है, लेकिन अंदर जाकर देखें तो कई जगह दीवारों पर हाथ लगाने से ही सीमेंट की परत के अंदर से बगैर सीमेंट की बालू रेत सर्र से गिर रही है। हाथ लगाने पर गिरता मलबा यह बता रहा है कि ठेकेदार द्वारा किस तरह से इस करोड़ों के निर्माण में भ्रष्टाचार की सेंध लगाई गई है।**

जी हां बिल्कुल, लोकार्पण के पूर्व एकदम सजी-धजी सीएम राइज स्कूल कि यह आकर्षक भव्य बिल्डिंग गुलाना की है। जो कि प्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार की विधानसभा में ही है। शिक्षा का स्तर सुधारने एवं बच्चों के भविष्य को बेहतर तरीके से संवारने के लिए सरकार सीएम राइज स्कूल के माध्यम से करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है। लेकिन करोड़ों की लागत से बनी गुलाना कि इस बिल्डिंग में आंतरिक गुणवत्ता की बात करें तो ऐसा लगता है, कि मंत्री जी के सपनों की इस सजी धजी सीएम राइज बिल्डिंग में संबंधित ठेकेदार ने बाहर की सजावट के अंदर भ्रष्टाचार की एब का धब्बा छोड़ने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है।



## मंत्री जी के अथक प्रयास से मिली गुलाना को पहली सीएम राइज बिल्डिंग –

शिक्षा का स्तर बेहतर करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन किए जा रहे हैं। इसी के चलते स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के अथक प्रयासों से गुलाना को सीएम राइज स्कूल की सौगात मिली, स्कूल के साथ करोड़ों रुपए की बिल्डिंग भी मिल गई। जो कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। प्रदेश में सीएम राइज स्कूल की यह पहली बिल्डिंग है। जो सबसे पहले बनकर तैयार हो गई। लेकिन जिम्मेदारों की बेपरवाही के कारण यह करोड़ों की बिल्डिंग ठेकेदार के हाथों भ्रष्टाचार के पलीते का शिकार हो गई, यह एक अलग बात है।

## सरकार के बेहतर मंसूबों पर पानी फेरने जैसा काम किया है ठेकेदार ने –

गुलाना में सीएम राइज स्कूल बिल्डिंग के लोकार्पण में प्रदेश के मुख्यमंत्री के आने की लगभग 5 जुलाई प्रस्तावित है। इसके लिए आनन फानन में प्रशासनिक अधिकारी लगे हुए हैं। वही दूसरी ओर पत्रकारों के साथ बिल्डिंग के अंदर गए समाजसेवी एवं ग्राम पंचायत गुलाना के उप सरपंच संजय पितले व भाजपा पदाधिकारी मुकेश बंगला ने पत्रकारों के साथ निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी। कई जगह दरकी दीवारों की एब को ठेकेदार द्वारा बार-बार लीपापोती कर दबाया जा रहा है। कई जगह हाथ लगाने पर ही सीमेंट की परत के अंदर से बगैर सीमेंट की बालू रेत धर्र करके बाहर आ रही है। सीमेंट की परत के अंदर सूखी बालू रेत भरी हुई है। कई जगह हाथ लगाने पर ही मटेरियल जमीन पर गिर रहा है। दोनों ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहां की सरकार की बेहतर सोच एवं मंत्री जी के मंसूबों पर पानी फेरने जैसा ठेकेदार ने बिल्डिंग में घटिया



निर्माण किया है।

## जिम्मेदारों की लापरवाही भी है घटिया निर्माण का कारण –

मध्य प्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड के द्वारा इस सीएम राइज स्कूल बिल्डिंग का निर्माण किया गया है। मंत्री जी के अलावा कई नेता, जनप्रतिनिधि एवं जिला कलेक्टर के साथ कई प्रशासनिक अधिकारियों का भी यहां पर आना जाना लगा रहा। लेकिन सभी लोग शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन एवं सीएम राइज स्कूल कि सुविधाओं की प्रशंसा, बिल्डिंग के आकर्षक रंग रोगन के साथ परिसर में लगे रंग-बिरंगे फूलों के पौधों की रौनक देख चले गए। शायद किसी भी जिम्मेदार ने बिल्डिंग के निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया। इसीलिए इस भव्य बिल्डिंग का घटिया निर्माण बाहरी सजावट पर एब का काम कर रहा है। और बाहरी सजावट पर आंतरिक एब का धब्बा भारी पड़ रहा है।

## निर्माण के दौरान ठेकेदार ने किसी को अंदर जाने ही नहीं दिया –

बिल्डिंग की गुणवत्ता को लेकर यहां काम करने वाले कई लोगों ने अपना नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि यहां पर कई दीवारें बुरी तरह क्रेक हो रही है, जिन्हें कई बार लीपापोती कर एब को दबाने की कोशिश भी की गई है। वही संजय पितले के साथ अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें निर्माण के दौरान कभी ठेकेदार के द्वारा अंदर घुसने ही नहीं दिया गया। ताकि आम लोगों को निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी हो सके। मामले में जब कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट मैनेजर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से बात करना चाही तो इन्होंने फोन तक नहीं उठाया।

# नीमच विधानसभा चुनाव, भाजपा में एंटी-इनकम्बेंसी का डर, तो कांग्रेस को अंतरकलह की चिंता...!

**नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों को लेकर राजनितिक दल सक्रीय होकर अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए है, पार्टियां जहां एक दूसरे पर हमलावर होकर घेरने में लगी है, तो वहीं अपने उम्मीदवारों के चयन को लेकर भी बड़े पैमाने पर काम कर रही है। सर्वे रिपोर्ट और पर्वेक्षको के आधार पर दावेदारों के नामों पर विचार-विमर्श भी शुरू हो चूका है। इसी कड़ी में नीमच विधानसभा की बात की जाये, तो यहां भाजपा कांग्रेस की और से कुछ नाम सामने आये है। जिनमे से ही कोई एक चुनावी दंगल में हमें आने वाले समय में दिखाई देगा। सबसे पहले बात भाजपा की करते है, यहां वैसे तो वर्तमान विधायक दिलीप सिंह परिहार का नाम ही सबसे ऊपर है, वे तीन बार के विधायक होने के साथ ही सरल सहज व्यक्तित्व के धनी होने के चलते अब भी पार्टी आलाकमान की पहली पसंद हो सकते है, जबकि भाजपा के जिलाध्यक्ष पवन पाटीदार बड़े दावेदार इस बार दिखाई दे रहे है। युवा होने के साथ ही संगठन में मजबूत पकड़ ओर अपनी दमदार कार्यशैली के चलते इनकी दावेदारी दमदार मानी जा रही है। हालंकि सूत्रों की माने तो शीर्ष नेतृत्व तीसरे विकल्प पर भी विचार कर रहा है। जिसमे कोई चौकाने वाला नाम भी हो सकता है, जो संघ की ओर से हो...!

अब कांग्रेस की बात करें, तो यहां दावेदार ही दावेदार नजर आते है। नामों को देखें तो सबसे ऊपर नाम उमराव सिंह गुर्जर का दिखाई पड़ता है, ये पुराने खाटी नेताओं में होने के साथ में ही क्षेत्र में अपनी अच्छी खासी पकड़ रखते है। इसके बाद इस समय नया उभरता युवा चेहरा अपनी अलग ही छाप छोड़ता दिखाई दे रहा है। जिसका नाम तरुण बाहेती है...! इनके साथ ही एक ऐसी कांग्रेस की नेत्री भी है, जिनका नाम पिछले विधानसभा चुनावों में भी ऊपर तक गया था, लेकिन समीकरणों की उथल पुथल में वे पिछड़ गई, मधु बंसल वो नाम है जो कांग्रेस में ही नहीं भाजपा में भी चौकाने वाला हो सकता है। जबकि हरीश दुआ ने भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से मुलाकात करते हुए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। पर इन नामों से अलग ही पूर्व विधायक नंदकिशोर पटेल का भी नाम हल्के में नहीं लिया जा सकता। वे दिग्गी राजा खेमे से आते है, और इस समय उनकी बढ़ती सक्रियता अन्य दावेदारों को चिंता में डाले है।

भाजपा हो या कांग्रेस... इस बार के चुनावों में अपनी पानी पूरी ताकत झोकने वाले है। खास कर मालवा क्षेत्र की नीमच जिले की तीनो सीटों पर सबकी नजर है। भाजपा को यहां एंटी-इनकम्बेंसी फेक्टर का सामना करते हुए ये बड़ा डर है कि, कहीं जनता इस बार उनके उम्मीदवारों को नकार ना दें, तो वही कांग्रेस इस मोके को भुनाने में कोई कोर कसर छोड़ने को तैयार नहीं है। पर हर बार की ही तरह अंतरकलह कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती हो सकती है, क्योकि दावेदार यहां बहोत है।

# जिले में औसत 146.3 मि.मी.वर्षा दर्ज

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक 146.3 मि.मी.वर्षा हुई है। नीमच में 160 मि.मी.,जावद में 126 मि.मी.एवं मनासा में 153 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि में औसत 35.3 मि.मी. वर्षा हुई थी। इसमें नीमच में 39 मि.मी.,जावद में 21 मि.मी.एवं मनासा में 46 मि.मी.वर्षा हुई थी। जिले में 30 जून 2023 को प्रात=8 बजे समाप्तष हुए, पिछले 24 घण्टेम में औसत 12 मि.मी.वर्षा हुई है। नीमच में 12 मि.मी.,जावद में 7 मि.मी.एवं मनासा में 17 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

# पापी से नही पाप से घृणा करो --मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज



**सिंगोली। (सतीश सैन)** धर्म धर्मात्मा और आगम कि क्रियाओं के प्रति ग्लानि का भाव नही करना निर्विचिकित्सा नाम का सम्यक दर्शन का ततीय अंग कहा गया है यह बात नगर मे चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से शिक्षा प्राप्त व वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने आष्टाहिका महापर्व के पांचवें दिन शुक्रवार को प्रातः काल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिसकी श्रद्धा समीचीन हो गई है वह बाहरी रूप रंग कि और नही देखता है वह उस शरिर मे स्थित आत्मा के गुणों कि ओर देखता है आचार्यो ने व्यक्ति से घृणा करने का निषेध किया है पापी से नहीं पाप से घृणा करो किस प्रकार शरीर का उपचार करने के लिए चिकित्सालय होता है उसी प्रकार आत्मा का उपचार जिनालय में होता है शरीर तो स्वभाव से अनुचित अपका है पर मैं गुणों को धारण करने वाली आत्मा के कारण पुज्यता को प्राप्त हो जाता है जिस प्रकार कीचड़ में भी कमल खिल जाता है उसी प्रकार अपवित्र शरीर में गुणों का आत्मा का विकास हो सकता है बाहरी शरीर को देखकर जो अन्य का उपवास करता है वह चमत्कार के समान मात्र चरम पर दृष्टि रखने वाला होता है वही मुनिश्री दर्शित सागर जी महाराज ने कहा कि मनुष्य का समय जीवन पानी के बुलबुले की भांति अस्थाई है परमात्मा ने हमें यह जीवन प्रदान किया है वह कब इसे वापस ले लेगा कहना समझना मुश्किल है मनुष्य की भलाई इसी में है हमे जो मनुष्य जन्म हमे मिला है हमे देव शास्त्र गुरु के बताऐ हुए मार्ग पर चलकर अपना जीवन धन्य करे वही अष्टाहिका महापर्व के पांचवें दिन नंदीश्वरा विधान मुनि श्री ससंघ के सानिध्य में प्रातः काल श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा व भक्तिमय पुजन हुई इस अवसर पर सभी समाजजन उपस्थित थे।

# 10 हजार रुपए किलो किया जाए अफीम का दाम, अफीम नीति को लेकर नीमच में हुई बड़ी बैठक- विधायक और किसानों ने रखे सुझाव





**नीमच (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नई अफीम नीति बनाने की कवायद शुरू हो गई है। इसको लेकर सेंट्रल नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच के कार्यालय में एक अहम बैठक रखी गई। जिसमें नीमच, मंदसौर, जावरा और रतलाम के किसानों और विधायकों को बुलाया गया। बैठक में महज दो विधायक और कुछ किसान पहुंचे। सभी ने एकजुट होकर एक सुर में बात रखी कि अफीम नीति मे मूल्य को शामिल कर 10 हजार रुपए किलो दाम बढ़ाया जाए।

अफीम नीति को लेकर हर साल होने वाली सुझाव बैठक इस बार भी केंद्रीय नारकोटिक्स कार्यालय में हुई। बैठक में नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक माधव मारू, किसान नेता राजेश पाटीदार, नीलेश पाटीदार, अर्जुन सिंह सिसौदया सहित नीमच, मंदसौर और जावरा से सांसद प्रतिनिधि भी पहुंचे। डीएनसी संजय मीणा शहर से बाहर होने से बैठक की अध्यक्षता असिस्टेंड नारकोटिक्श कमिश्नर स्वच्छंद चौहान ने की। बैठक में किसानों ने अपने सुझाव रखे तो विधायको ने भी अपनी बात रखी। नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार और मनासा विधायक माधव मारू ने दो टूक कहा अफीम नीति किसानों के हित में बनना चाहिए। किसान को अफीम का वाजिब मूल्य मिले यह सुनश्चित करना चाहिए और अफीम की फसल को फसल बीमा योजना में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे किसानों को नुकसानी के समय मुआवजा मिल सके।

**किसानों द्वारा यह रखे गए सुझाव–**

-मूल्य को अफीम नीति में शामिल किया जाए और 10 हजार रुपए किलो दाम हो

-सीपीएस पद्धति को पूरी तरह खत्म किया जाए।

-सीपीएस पद्दति जारी रखे तो दाम 200 से बढ़ाकर 500 रुपए किया जाए।

- तौल केंद्र पर ही अफीम सैंपल की प्रारंभिक और अंतिम जांच की जाए।र

- चोरी और अन्य कारणों से रूके पट्टे पुनः बहाल किए जाए।

- मार्फिन की पात्रता का खत्म कर, औसत की पात्रता बाहल की जाए।

- मार्फिन पात्रता जारी रखे तो 3.5 मार्फिन की मात्र को आधार बनाया जाए।

- अफीम मुखियाओं का कमिश्न बढ़ाया जाए।

- नामातंरण प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाए।

# मध्यप्रदेश में आदिवासी सियासत और मोदी का शहडोल दौरा



मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की अनुमानित तस्वीर कांटेदार मुकाबले की दिख रही हो, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदेश दौरा खासा मायने रखता है, विशेषकर उस राज्य के लिए जहां सत्ता की चाबी आदिवासी समुदाय के हाथों में हो। शहडोल के पकरिया और लालपुर में प्रधानमंत्री मोदी आदिवासी समुदाय को संबोधित करने सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जैसा कि उनका अंदाज है वह आदिवासियों के साथ भोजन और संवाद भी कर सकते हैं। मोदी मैजिक की आस में भाजपा है, तो कांग्रेस खेमा पूरी तरह सतर्क, क्योंकि बीते राष्ट्रपति चुनाव से लेकर विभिन्न आदिवासी मुद्दों पर मोदी की मजबूत किलेबंदी से कांग्रेस को खासी मात खानी पड़ी है। आदिवासी समुदाय के स्वतंत्रता सेनानियों और विभूतियों की स्मृतियों को नमन करने की कवायद जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत करनी थी, तब भी करीब डेढ़ वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को चुना था। भोपाल में इसके शुभारंभ के साथ देश के पहले विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले रेलवे स्टेशन का नामकरण गोंड रानी कमलापति के नाम पर किया था।

दरअसल, चुनावों में अजेय बनने की दिशा में भाजपा ने 51 प्रतिशत वोट शेयर को लक्ष्य बना लिया है, ऐसे में मध्यप्रदेश सहित कई ऐसे राज्य हैं, जहां आदिवासी समुदाय को अपने पाले में लाना अनिवार्य होगा। आदिवासी आबादी के लिहाज से देखें तो ये मणिपुर में 41 प्रतिशत, छत्तीसगढ में 34 प्रतिशत, त्रिपुरा में 32 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 23 प्रतिशत और गुजरात में 15 प्रतिशत है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आदिवासी का साथ भाजपा के लिए बेहद जरूरी होगा। 2014 में भाजपा ने एसटी वर्ग के लिए आरक्षित 47 में से 27 सीटें जीती थीं। 2019 में बढ़कर 31 हो गईं। 2009 में भाजपा को 13 सीटें ही आई थीं। अब भाजपा की नजर लोकसभा की एसटी आरक्षित उन सीटों पर है, जहां वह दूसरे नंबर पर या बहुत कम अंतर से हारी थी। जैसे छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट भाजपा महज 4.3 प्रतिशत के अंतर से हारी थी। इसी तरह ओड़िशा की क्योंझर सीट भाजपा 5.6 प्रतिशत के अंतर से हार गई। इसी राज्य में कोरापुट सीट भाजपा 0.3 प्रतिशत के मामूली अंतर से हार गई थी।

राष्ट्रीय फलक पर विपक्ष की एकजुटता के प्रयासों के बीच भी प्रधानमंत्री मोदी का मध्यप्रदेश दौरा खास मायने रखता है। याद कीजिए जनजातीय गौरव दिवस के शुभारंभ पर मोदी का भाषण, जिसमें आदिवासी योद्धाओं का याद करते हुए उन्होंने आजादी के बाद जनजातीय गौरव को विस्मृत करने के आरोपों से कांग्रेस पर जमकर हमले किए थे। मोदी ने कहा था कि आजादी के संग्राम में देशभर के आदिवासी समुदायों ने संघर्ष किया था, लेकिन स्वतंत्रता के इतिहास में इन नायकों को महत्व न देकर एक ही परिवार को महिमामंडित किया गया। अब नजर राष्ट्रपति पद के चुनाव पर भी डालें तो भाजपा की मजबूत रणनीति का सामना होता है। इस चुनाव में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को उतारना भी प्रधानमंत्री मोदी का मास्टर स्ट्रोक था, जिसे विपक्षी दलों में क्रॉस वोटिंग के रूप में देश ने देखा था। तीसरे दौर के मतदान तक मुर्मू के लिए 17 सांसदों और 104 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। असम में 22, छत्तीसगढ़ में 6, झारखंड में 10, मध्य प्रदेश में 19, महाराष्ट में 16, गुजरात में 10, अरुणाचल में एक, बिहार में 6, गोवा में 4, हरियाणा में एक, हिमाचल प्रदेश में 3 विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। ये संकेत करता है कि भाजपा ने आदिवासी समुदाय में पैठ के साथ दूसरा निशाना विपक्षी एकता में खलल के रूप में लगाया था। इस चुनाव के प्रभाव को समझने के लिए देखना होगा कि कैसे 2017 में रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति की कुर्सी तक पहुंचाकर भाजपा को चुनावी लाभ मिल सका था। श्री कोविंद एससी समुदाय से हैं। उनके निर्वाचन के बाद 2019 आम चुनावों में इस वर्ग का भाजपा के लिए समर्थन करीब 10 प्रतिशत तक बढ़ा था। 2014 में एससी से 24 प्रतिशत वोट भाजपा को मिले थे, जबकि 2019 के चुनाव में बढ़कर करीब 34 प्रतिशत हो गया था। सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसाइटीज (सीएसडीएस) के मुताबिक 2019 के आम चुनाव में भाजपा को एसटी से 38 प्रतिशत समर्थन मिला था, वहीं श्रीमती मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के बाद भाजपा को उम्मीद है कि ये आंकड़ा 50 प्रतिशत को सहजता से पार कर जाएगा। कौन इनकार कर सकता है कि आदिवासी मतों के झुकाव गैर एनडीए दलों के समीकरण भी बदल दे।

राष्ट्रपति पद के चुनाव में भाजपा ने अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित देखते हुए कांग्रेस पर आदिवासी विरोधी होने के आरोप लगाए थे और इसे उन राज्यों में धार दी थी, जहां आदिवासी समुदाय की आबादी सत्ता के लिहाज से निर्णायक स्थिति में है। मध्यप्रदेश ही देखें तो आदिवासी लगभग 23 प्रतिशत हैं। यहां इस समुदाय का बड़ा चेहरा न होना पार्टी की कमजोर कड़ी है, जिसकी पूर्ति की कोशिशें जारी हैं। भाजपा अच्छी तरह जानती है कि आदिवासी समुदाय साथ न आने से उसे नुकसान हो सकता है। आंकड़ों में देखें तो वर्ष 2003 के विधानसभा चुनाव में भाजपा का कुल वोट शेयर 42.5 प्रतिशत, वर्ष 2008 में 37.6 प्रतिशत, वर्ष 2013 में 45.7 प्रतिशत एवं वर्ष 2018 में घटकर 41.5 प्रतिशत हो गया था। अब भाजपा का लक्ष्य आदिवासी वोट को भी दस प्रतिशत बढ़ाने का है। इन आंकड़ों के आधार पर पुख्ता संकेत मिलते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्यप्रदेश दौरा भाजपा की उम्मीदें और कांग्रेस की धड़कनें बढ़ाने वाला हो सकता है।

— आदित्य दीक्षित


कार्यालय नगर पालिक निगम, उज्जैन (म.प्र.)
राजस्व विभाग- सम्पत्तिकर झोन क्र-06
//नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना//

क्रमांकः सम्पत्तिकर/2023/ उज्जैन, दिनांक :23/06/2023

सर्व सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि, मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के प्रावधान अंतर्गत सम्पत्तिकर झोन कार्यालय, नगर पालिक निगम उज्जैन में नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| झोन क्र. | वार्ड क्र. | प्र.क्र. | सम्बन्धित सम्पत्ति का पूर्ण पता (जिसका नामांकन होना है) | सम्पत्ति स्वामी का नाम | आवेदक का नाम, जिसका नामांकन होना है | नामांकन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 06 | 48 | 1639 | 89 आर के एवेन्यू कॉलोनी | मनोज पिता जगन्नाथ खंडेलवाल | श्रीमती पूजा पति मंगेश भुजाडे | विक्रय पत्र |

अतः उक्त नामांकन के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो नामांकन विज्ञप्ति जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर लिखित में मय अभिलेख प्रमाण के साथ अपनी आपत्ति झोन के प्रभारी सहायक संपत्ति कर अधिकारी को प्रस्तुत करें नियत अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

प्र.सहायक संपत्ति कर अधिकारी
झोन क्रमांक 06 नगर पालिका निगम उज्जैन



जाहिर सूचना संशोधन

मृतक नामांतरण कार्यवाही हेतु उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा दिनांक 22/06/2023 मालवा हेराल्ड अंक 13 में प्रकाशित की गई जाहिर सूचना में मृतक श्री खेरातीलाल सेठी के मकान नं. सी. - 17 एम.आई.जी. ऋषिनगर योजना, उज्जैन पते के स्थान पर सम्पत्ति (मकान) नं. सी - 18 त्रुटिवश प्रकाशित हो गया है। उसे संशोधन पश्चात् मकान नं. सी-17, एम.आई.जी. ऋषिनगर उज्जैन पढ़ा जावे ।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन (म.प्र.)

# सम्पादकीय

## शिक्षण संस्थान और अन्तरराष्ट्रीय मानक

आईआईटी मुम्बई ने क्यूएस रैंकिंग में इस बार 149वां स्थान प्राप्त किया। संस्थान की रैंकिंग पिछले वर्ष के मुकाबले 23 रैंक ऊपर है। आठ साल के इतिहास में यह पहली बार है जब किसी भारतीय संस्थान ने टॉप 150 विश्वविद्यालयों में जगह बनाई है। इससे पहले 2016 में 147वां रैंक प्राप्त कर इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस बैंगलुरु ने मुकाम हासिल किया था। क्यूएस रैंकिंग सूची में एमआईटी अमेरिका ने लगातार बारहवीं बार शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद यूके की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी है। नैशनल यूनि?वर्सिटी ऑफ सिंगापुर पिछले साल के रैंक 11 से तीन स्थान ऊपर चढ़कर चोटी के 10 विश्वविद्यालयों में शामिल होने वाला पहला एशियाई विश्वविद्यालय बन गया है। क्यूएस लिस्ट में इस बार काफी उतार-चढ़ाव दिखाई दिया है। आईआईएससी 155वें रैंक से 70 स्थान गिरकर 225वें स्थान पर आ गया है। ठीक इसी तरह आईआईटी दिल्ली 174वें स्थान से गिरकर 197वें स्थान पर आ गया है। आईआईटी मद्रास 250 से 285 पर आ गया है। जबकि आईआईटी कानपुर 264 से 278 पर आ गया है। आईआईटी मुम्बई की छलांग सराहनीय है लेकिन अन्य भारतीय संस्थान अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पिछड़ते जा रहे हैं। लगभग 50 हजार से अधिक उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली है। उच्च शिक्षा का लगातार विस्तार भी हो रहा है लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय मानकों पर यह संस्थान काफी पीछे है।भारत स्वयं को विश्व गुरु मानता है। भारत में ही दुनिया का पहला आवासीय विश्वविद्यालय 450 ई.? में खुला था, जिसे हम नालंदा विश्वविद्यालय के नाम से जानते हैं। नालंदा विश्वविद्यालय प्राचीन भारत में उच्च शिक्षा का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात केन्द्र था। इसकी स्थापना गुप्त काल के दौरान 5वीं सदी में कुमार गुप्त प्रथम ने की थी। देश-विदेश के छात्र यहां शिक्षा के लिए आते थे। नालंदा में सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि कोरिया, जापान, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया, ईरान, यूनान, मंगोलिया समेत कई देशों के छात्र शिक्षा ग्रहण करते रहे हैं। आज स्थिति यह है कि विश्व गुरु भारत के छात्र शिक्षा के लिए विदेशों में भाग रहे हैं। अभिभावक भी अपने बच्चों को विदेशी विश्वविद्यालयों में शिक्षा दिलाने के इच्छुक हैं। वे बच्चों को विदेश भेजने के लिए लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। भारत की प्रतिभाओं का लगातार पलायन हो रहा है। उच्च शिक्षा का क्षेत्र अब भी पर्याप्त फंडिंग, छात्रों को रोजगार मिलने में दिक्कतें, अध्यापन के निम्न स्तरीय मानक, खराब प्रबंधन और जटिल रेगुलेटरी प्रक्रिया जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है। जनसंख्या की दृष्टि से भारत चीन को पीछे छोड़कर दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। इस दृष्टि से उच्च शिक्षा की मांग भी तेजी से बढ़ेगी।भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली दुनिया की सबसे बड़ी होने के बावजूद इसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये चुनौतियां पठन-पाठन की गुणवत्ता, सरकारी-निजी भागीदारी, विदेशी संस्थानों का प्रवेश, रिसर्च क्षमता में वृद्धि और फंडिंग, इनोवेशन, अन्तर्राष्ट्रीयकरण, वैश्विक अर्थव्यवस्था की बदलती मांग जैसे क्षेत्रों में हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ती मांग को देखते हुए बीते दो दशकों में अनेक प्रयास हुए हैं लेकिन नई चुनौतियां भी लगातार उभर रही हैं। अखिल भारतीय उच्च शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के अनुसार 18-23 आयु वर्ग में भारत का ग्रॉस एनरोलमेंट अनुपात (जीईआर) 271 फीसदी (एआईएसएचई 2019-20) है। यह 36.7 फीसदी के वैश्विक औसत से बहुत कम है। छात्र जो शिक्षा ग्रहण करते हैं और रोजगार के लिए उन्हें जिस कौशल की जरूरत होती है उनमें भी बड़ा अंतर होता है। इसकी प्रमुख वजह है उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता की कमी। इसके अलावा पाठ्यक्रम में कौशल विकास का न होना भी एक कारण है। उच्च शिक्षा संस्थान इन दिनों शिक्षकों की भीषण कमी से जूझ रहे हैं। अनुमान है कि इन संस्थानों में 30 से 40 फीसदी फैकल्टी की जगह खाली है, क्योंकि उन पदों के लिए योग्य लोग ही नहीं मिलते हैं। इससे छात्र-शिक्षक अनुपात असंतुलित हो गया है। हाल के दशकों में सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों में फंडिंग का ट्रेंड देखें तो केंद्रीय विश्वविद्यालयों को ज्यादा फंडिंग हुई है। हमें व्यवस्था को मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि गुणवत्ता सुनिश्चित हो। इससे रोजगार पाने योग्य ग्रेजुएट की संख्या बढ़ेगी। इस समय उच्च शिक्षा में सुधारों पर ध्यान देना होगा। छात्रों को विभिन्न तरह के कौशल विकसित करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। हमें अलग-अलग विषयों में रिचर्स पर जोर देना होगा। उच्च शिक्षा और उभरते ट्रेंड के बीच तालमेल होना जरूरी है। यह शिक्षा ऐसी हो की छात्र भविष्य के जीवन के लिए तैयार हो सकें। इसलिए अध्यापन का कार्य भविष्य को ध्यान में रखकर हो, जिसमें छात्रों को तेजी से बदलते सामाजिक परिदृश्य में एक ऐसे अनजाने भविष्य के लिए तैयार किया जा सके, जहां खेल के सभी नियम बदले हुए होंगे लेकिन इसके साथ हमारा पारम्परिक ज्ञान, कौशल, मूल्य और संस्कृति भी अक्षुण्ण रहे। उच्च शिक्षा को किसी नौकरी के लिए डिग्री हासिल करने का माध्यम मात्र न माना जाए, बल्कि इसे व्यक्ति की पूर्ण क्षमता विकसित करने का जरिया समझा जाना चाहिए।

## 'श्रद्धा और सबुरी' की प्राप्ति का मार्ग है सहजयोग



सद्गुरू श्री साईंनाथ महाराज की महानता व सहज, सरल व्यक्तित्व से हम सभी परिचित हैं। सहज योग आध्यात्मिक विज्ञान के अनुसार श्री साईंबाबा का हमारे भवसागर के दाहिनी तरफ स्थित हैं और वे हमारे फेफड़ों का रक्षण कर हमें अस्थमा जैसी साँस की बीमारी से बचाते हैं।

'सबका मालिक एक' तथा 'श्रद्धा व सबुरी' ये दो मंत्र साईंबाबा की शिक्षा का सार हैं।, 'सबका मालिक एक' अर्थात् इस संपूर्ण ब्रम्हांड का संचालन करने वाली एक शक्ति है। भारतीय सनातन ज्ञान इसे चैतन्य शक्ति कहता है। प.पू. श्रीमाताजी कहते हैं, भवसागर हमारे अंदर- उदर में स्थित संपूर्ण विश्व का प्रतिबिंब है, 'यत् पिण्डे तत ब्रम्हांडे' । सहजयोग विज्ञान के अनुसार जब हमारी मां स्वरुपिणी कुंडलिनी शक्ति उर्ध्वगामी होकर भवसागर को लांघती है तब हमें हमारा गुरुतत्व प्रदान करती है। प. पू. श्रीमाताजी कहते हैं, आप मुझे गुरु मत मानिये, आप खुद के गुरु बन जाइये। गुरुपद प्राप्त होने की व्याख्या करते वक्त श्रीमाताजी कहते हैं अगर आपको अपना गुरुतत्व प्राप्त हो गया तो कोई सी भी चीज आप पर प्रभाव नहीं डाल सकती। यश-अपयश, स्तुति या निंदा आप को ना तो उत्तेजित और ना ही भयभीत करती है। आप अपने गुरुता के सुंदर संरक्षण में चले जाते हो। कोई भी नकारात्मक व्यक्ति, वस्तु या परिस्थिति आप का बाल भी बांका नहीं करती। इसका मतलब ये नहीं कि आप उद्दाम या उदंड हो जाते हैं, उल्टा आप उस शक्ति के प्रति विनम्र हो जाते हैं। श्री साईनाथ प्रदत्त 'श्रद्धा और सबुरी', आपका गुरुत्व जागृत होते ही स्वत= ही आपके मन में स्थापित हो जाती है। भौतिक जीवन यापन करते समय किसी कार्य में यदि असफलता भी मिलती है तोआप विचलित नहीं होते। आप विश्वस्त होते हैं कि आपके लिये जो अच्छा होगा वो निश्चित ही आपको -प्राप्त होगा। और इस सहज प्रवास में, पूर्ण अनुशासन, दैनंदिन ध्यान और शुद्ध चित्त से आप अपने जीवन में घटित होने वाली सभी घटनाओं के प्रति पूर्णतः निश्चिंत होकर अपने जीवन के हर क्षण का आनंद लेते है। सभी जिज्ञासु साधक इस अनुभव को प्राप्त करने हेतु सादर आमंत्रित हैं।

अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट sahajayoga.org.in पर देख सकते हैं।

# हिन्दू पौराणिक ग्रंथों में मिलते हैं ये 11 प्रमुख श्राप

### शास्त्रों की बात जाने धर्म के साथ

हिन्दू पौराणिक ग्रंथों में अनेकों अनेक वरदाना और श्रापों का वर्णन मिलता है। जहां तक श्राप का संबंध है जो हर एक के पीछे कोई कहानी और कारण मिलता है। वरदानों ने जितना घटनाक्रम को संचालित किया उससे कहीं ज्यादा श्रापों ने भविष्य में होने वाली घटनाओं को संचालित किया।

**1.नारद का भगवान विष्णु को श्राप**

शिवपुराण के अनुसार एक बार श्रीलक्ष्मी के स्वयंवर में देवऋषि नारद भी पहुंच गए क्योंकि वे श्रीलक्ष्मी पर मोहित हो गए थे। उसी स्वयंवर में भगवान विष्णु भी पहुंचे, लेकिन उन्होंने देवऋर्षि नारद का मुंह अपनी माया से वानर के समान कर दिया।

नारद को छोड़कर श्रीलक्ष्मी ने श्रीविष्णु भगवान का वरण कर लिया। जब नारद मुनि को इस बात का पता चला तो वे भगवान विष्?ण पर बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने भगवान विष्णु को श्राप दिया कि जिस प्रकार तुमने मुझे स्त्री के लिए व्याकुल किया है। उसी प्रकार तुम भी स्त्री विरह का दुःख भोगोगे। उनके श्राप के चलते ही भगवान विष्णु को राम अवतार लेना पड़ा और उन्होंने इस श्राप को पूरा किया। लेकिन रामावतार में भी उनको एक शाप मिला।

**2.श्रीराम को मिला श्राप**

श्रीराम जिन्हें भगवान विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है उन्हें एक अप्सरा द्वारा श्राप दिया गया था। वह अप्सरा वालि वानर की पत्नी थी। यह तब की बात है जब सुग्रीव वानर जोकि श्री राम के प्रिय मित्र थे, उन्होंने भगवान राम से मदद मांगी थी जिसके चलते सुग्रीव और वालि के बीच युद्ध हुआ जिसमें भगवान श्रीराम के बाण द्वारा वालि की मृत्यु हो गई थी। वालि को छल से मारा गया जानकर उनकी पत्नी तारा ने श्रीराम को कोसा और उन्हें एक श्राप दिया। श्राप के अनुसार भगवान राम अपनी पत्नी सीता को पाने के बाद जल्द ही खो देंगे। उसने यह भी कहा कि अगले जन्म में उनकी मृत्यु उसी के पति (वालि) द्वारा हो जाएगी। अगले जन्म में भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया था और उनके इस अवतार का अंत एक शिकारी (जो कि वालि का ही रूप था) द्वारा किया गया था।

**3.गांधारी का श्रीकृष्ण को श्राप-**

महाभारत के युद्ध के बाद जब भगवान श्रीकृष्ण गांधारी को सांत्वना देने पहुंचे तो अपने पुत्रों का विनाश देखकर गांधारी ने श्रीकृष्ण को श्राप दिया कि जिस प्रकार पांडव और कौरव आपसी फूट के कारण नष्ट हुए हैं, उसी प्रकार तुम्हारे बंधु-बांधवों भी नष्ट हो जाएंगे। आज से छत्तीसवें वर्ष तुम अपने बंधु-बांधवों व पुत्रों का नाश हो जाने पर एक साधारण कारण से अनाथ की तरह मारे जाओगे।

इसी कथाक्रम में एक और श्राप चर्चित है। महाभारत के मौसल पर्व के अनुसार एक बार महर्षि विश्वामित्र, कण्व आदि ऋषि द्वारका गए। तब उन ऋषियों का परिहास करने के उद्देश्य से सारण आदि वीर कृष्ण पुत्र साम्ब को स्त्री वेष में उनके पास ले गए और पूछा कि इस स्त्री के गर्भ से क्या उत्पन्न होगा। क्रोधित होकर ऋषियों ने श्राप दिया कि श्रीकृष्ण का ये पुत्र वृष्णि और अंधकवंशी पुरुषों का नाश करने के लिए लोहे का एक भयंकर मूसल उत्पन्न करेगा, जिसके द्वारा समस्त कृष्ण कुल का नाश हो जाएगा।

**4.शुक्राचार्य का राजा ययाति को श्राप**

महाभारत के एक प्रसंग के अनुसार राजा ययाति का विवाह शुक्राचार्य की पुत्री देवयानी के साथ हुआ था। देवयानी की शर्मिष्ठा नाम की एक दासी थी। एक बार जब ययाति और देवयानी बगीचे में घूम रहे थे, तब उसे पता चला कि शर्मिष्ठा के पुत्रों के पिता भी राजा ययाति ही हैं, तो वह क्रोधित होकर अपने पिता शुक्राचार्य के पास चली गई और उन्हें पूरी बात बता दी।

तब दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने ययाति को तत्काल ही बूढ़े होने का श्राप दे दिया था। बुढ़ापे में अब मृत्यु का डर सताने लगा तो उन्होंने अपने पुत्रों से उनकी उम्र मांगी। यदु को छोड़कर सभी ने अपनी अपनी कुछ उम्र पिता को दे दी। यदु के नहीं देने पर उन्हें श्राप मिला।

**5.कद्रू का अपने पुत्रों को श्राप -**

महाभारत के अनुसार ऋषि कश्यप की कद्रू व विनता नाम की दो पत्नियां थीं। कद्रू सर्पों की माता थी व विनता गरुड़ की। एक बार कद्रू व विनता ने एक सफेद रंग का घोड़ा देखा और शर्त लगाई। विनता ने कहा कि ये घोड़ा पूरी तरह सफेद है और कद्रू ने कहा कि घोड़ा तो सफेद हैं, लेकिन इसकी पूंछ काली है।

कद्रू ने अपनी बात को सही साबित करने के लिए अपने सर्प पुत्रों से कहा कि तुम सभी सूक्ष्म रूप में जाकर घोड़े की पूंछ से चिपक जाओ, जिससे उसकी पूंछ काली दिखाई दे और मैं शर्त जीत जाऊं। कुछ सर्पों ने कद्रू की बात नहीं मानी। तब कद्रू ने अपने उन पुत्रों को श्राप दिया कि तुम सभी जनमजेय के सर्प यज्ञ में भस्म हो जाओगे।

**6.नंदी का रावण को श्राप -**

वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक बार रावण भगवान शंकर से मिलने कैलाश गया। वहां उसने नंदीजी को देखकर उनके स्वरूप की हंसी उड़ाई और उन्हें वानर के समान मुख वाला कहा। तब नंदीजी ने रावण को श्राप दिया कि वानरों के कारण ही तेरा सर्वनाश होगा।

**7.तुलसी का भगवान विष्णु को श्राप -**

शिवपुराण के अनुसार शंखचूड़ नाम का एक राक्षस था। उसकी पत्नी का नाम तुलसी था। तुलसी पतिव्रता थी, जिसके कारण देवता भी शंखचूड़ का वध करने में असमर्थ थे। देवताओं के उद्धार के लिए भगवान विष्णु ने शंखचूड़ का रूप लेकर तुलसी का शील भंग कर दिया।

तब भगवान शंकर ने शंखचूड़ का वध कर दिया। यह बात जब तुलसी को पता चली तो उसने भगवान विष्णु को पत्थर हो जाने का श्राप दिया। इसी श्राप के कारण भगवान विष्णु की पूजा शालीग्राम शिला के रूप में की जाती है।

**8.श्रृंगी ऋषि का परीक्षित को श्राप -**

पाण्डवों के स्वर्गारोहण के बाद अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित ने शासन किया। उसके राज्य में सभी सुखी और संपन्न थे। एक बार राजा परीक्षित शिकार खेलते-खेलते बहुत दूर निकल गए। तब उन्हें वहां मौन अवस्था में शमीक नाम के ऋषि दिखाई दिए। राजा परीक्षित ने उनसे बात करनी चाहिए, लेकिन मौन और ध्यान में होने के कारण ऋषि ने कोई जबाव नहीं दिया।

ये देखकर परीक्षित बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने एक मरा हुआ सांप उठाकर ऋषि के गले में डाल दिया। यह बात जब शमीक ऋषि के पुत्र श्रृंगी को पता चली तो उन्होंने श्राप दिया कि आज से सात दिन बात तक्षक नाग राजा परीक्षित को डंस लेगा, जिससे उनकी मृत्यु हो जाएगी।

**9. महर्षि वशिष्ठ का वसुओं को श्राप-**

महाभारत के अनुसार भीष्म पितामह पूर्व जन्म में अष्ट वसुओं में से एक थे। एक बार इन अष्ट वसुओं ने ऋषि वशिष्ठ की गाय का बलपूर्वक अपहरण कर लिया। जब ऋषि को इस बात का पता चला तो उन्होंने अष्ट वसुओं को श्राप दिया कि तुम आठों वसुओं को मृत्यु लोक में मानव रूप में जन्म लेना होगा और आठवें वसु को राज, स्त्री आदि सुखों की प्राप्ति नहीं होगी। यही आठवें वसु भीष्म पितामह थे।

**10.ब्राह्मण दंपत्ति का राजा दशरथ को श्राप-**

वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक बार जब राजा दशरथ शिकार करने वन में गए तो गलती से उन्होंने एक पितृ मात्र भक्त श्रवण कुमार का वध कर दिया। उस श्रवण कुमार के माता-पिता अंधे थे। जब उन्हें अपने पुत्र की मृत्यु का समाचार मिला तो उन्होंने राजा दशरथ को श्राप दिया कि जिस प्रकार हम पुत्र वियोग में अपने प्राणों का त्याग कर रहे हैं, उसी प्रकार तुम्हारी मृत्यु भी पुत्र वियोग के कारण ही होगी।

**11.श्रीकृष्ण का अश्वत्थामा को श्राप -**

महाभारत युद्ध के अंत समय में जब अश्वत्थामा ने धोखे से पाण्डव पुत्रों का वध कर दिया, तब पाण्डव भगवान श्रीकृष्ण के साथ अश्वत्थामा का पीछा करते हुए महर्षि वेदव्यास के आश्रम तक पहुंच गए। तब अश्वत्थामा ने पाण्डवों पर ब्रह्मास्त्र का वार किया। ये देख अर्जुन ने भी अपना ब्रह्मास्त्र छोड़ा। महर्षि व्यास ने दोनों अस्त्रों को टकराने से रोक लिया और अश्वत्थामा और अर्जुन से अपने-अपने ब्रह्मास्त्र वापस लेने को कहा। तब अर्जुन ने अपना ब्रह्मास्त्र वापस ले लिया, लेकिन अश्वत्थामा ये विद्या नहीं जानता था। इसलिए उसने अपने अस्त्र की दिशा बदलकर अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ की ओर कर दी।

यह देख भगवान श्रीकृष्ण ने अश्वत्थामा को श्राप दिया कि तुम तीन हजार वर्ष तक इस पृथ्वी पर भटकते रहोगे और किसी भी जगह, किसी पुरुष के साथ तुम्हारी बातचीत नहीं हो सकेगी। तुम्हारे शरीर से पीब और लहू की गंध निकलेगी। इसलिए तुम मनुष्यों के बीच नहीं रह सकोगे। दुर्गम वन में ही पड़े रहोगे।

**01 जुलाई 2023 = रोजगार, रोमांस और स्वास्थ्य के लिए कैसा रहेगा शनिवार का दिन, पढ़ें अपना राशिफल**

**मेष राशि**

**आज का भविष्य =** आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें।

**शुभ अंक =06**
**शुभ रंग =बैंगनी**
**उपाय = राम रक्षास्तोत्र का पाठ करें।**

**धर्म**



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य =** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**शुभ अंक =03**
**शुभ रंग =हरा**
**उपाय =गाय को रोटी खिलाएं।**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य =** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है।

**शुभ अंक =09**
**शुभ रंग =भूरा**
**उपाय =परिंदों को दाना डालें।**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य =** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्?य का ध्यान रखें।

**शुभ अंक =07**
**शुभ रंग =महरून**
**उपाय =किसी गरीब को वस्त्र दान करें।**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य =** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।

**शुभ अंक =01**
**शुभ रंग =नीला**
**उपाय =हनुमान चालीसा का पाठ करें।**

**न्या राशि**

**आज का भविष्य =** वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**शुभ अंक =02**
**शुभ रंग =स्लेटी**
**उपाय =मेहंदी दान करें।**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य =** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**शुभ अंक =05**
**शुभ रंग =काला**
**उपाय =सुंदरकाण्ड का पाठ करें।**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य =** भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**शुभ अंक =03**
**शुभ रंग =आसमानी**
**उपाय =धार्मिक पुस्तक दान करें।**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य =** आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। घर में तनाव रह सकता है।

**शुभ अंक =09**
**शुभ रंग =पीला**
**उपाय =मां लक्ष्मी जी की पूजा करें।**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य =** आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**शुभ अंक =05**
**शुभ रंग =लाल**
**उपाय =शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें।**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य =** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। अज्ञात भय सताएगा। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी।

**शुभ अंक =03**
**शुभ रंग =नारंगी**
**उपाय =सूर्यदेव को जल दें।**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य =** मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

**शुभ अंक =08**
**शुभ रंग =स्लेटी**
**उपाय =किन्नरों को पैसा दान करें।**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

### जिंदगी रो मोल

*चर्चा ऐसी मन री बाता कर दी आज*
*खाली हाथा था रे मनरा, खाली हाथा रे गया*
*खूब कमाया रे मनरा, खूब कमाया*
*तीन मंजिला तीन-तीन भवन बनाया*

*सुख से चेन री नींद सो ना पाया,*
*खुशी ती यो देह नाचे तो नाचे कैसे रे मनरा,*
*जब घर माय मनखो हो बीमार*
*दर-बदर वैद ढुंडियो रे मनरा,*

*सब पूंजी बिखेरी, तो बी नी रियो साथ,*
*रो-रो माथो कुटियो ते बी रया खाली हाथ*
*मोह-माया बीच एसो उलझियो रे मनरा,*
*खबर ती अनजान, कई होवे रे जिंदगी रो मोल*

*खूब कमाया रे मनरा, खूब कमाया*
*आखरी बखत रे गयो सब इसी संसार*
*खाली हाथा था रे मनरा, खाली हाथा रे गया*
*इतरी झंझटा बीच कैसे आवे रे भक्ति-भाव रो खयाल*

*सब कई है, सब कई है, अब कमी कई है,*
*जद समझ आयो जद अंतिम समय आयो,*
*कई नी है रे मनरा खुद रो कई नी है,*
*खाली हाथा था रे मनरा, खाली हाथा रे गया*
*खूब कमाया रे मनरा, खूब कमाया।*

***- मोनिका अमरसिंह सोलंकी***

# जीवन-चिंतन-मानवीय जीवन का विकास ही परोपकार पर आधारित है।

### (दूसरों का हित ही स्वयं का हित है)

मनुष्य में उत्साह से जीवन जीने की जिजीविषा होनी चाहिए। जीवन में आकस्मिकत परिवर्तनशीलता और निरंतर विकास की संभावनाओं की तलाश होती रहनी चाहिए। जो मनुष्य जीवन मानव जाति एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए जीता है वह जीवन को सार्थकता की ओर अग्रसर करता है। शास्त्रों में पुनर्जन्म की व्याख्या की गई है यदि इस जन्म अच्छा कार्य करेंगे तो अगले जन्म आपको पुनः मनुष्य की योनि प्राप्त होगी और आप फिर से मनुष्य के रूप में जन्म लेंगे, पर मेरा यह मानना है की वर्तमान जीवन ही पहला और अंतिम जीवन है।इसलिए आने वाले जन्मों की परिकल्पना में यथार्थ से दूर भागना एक मिथ्या की तरह है। वर्तमान जीवन ही यथेष्ट है और इस जीवन में ही सर्वश्रेष्ठ अवदान देकर इस जीवन को मानव जीवन के कल्याण एवं सामाजिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया गया कार्य ही जीवन की सफलता होगी। व्यक्ति के जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण और उद्देश्य हो सकते हैं अलग-अलग लक्ष्य की प्राप्ति भी मनुष्य के जीवन की अवधारणा हो सकती है, कोई आर्थिक लाभ एवं धन उपार्जन को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर चलता है, और कोई इज्जत आबरु और सम्मान के प्रति आकर्षण में बंध कर राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना के प्रयास में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करने के प्रयास में रहता है। कोई विज्ञान के प्रति, कोई व्यवसाय के प्रति, कोई कला के प्रति, कोई संस्कृति के प्रति जीवन जी कर लोगों से आगे निकलने का प्रयास करता है। जीवन के लक्ष्य जो भी हो पर उसमें प्रयासों की शुद्धता एवं सार्थकता सबसे ज्यादा मायने रखती है। मनुष्य को जिंदगी में उच्च मनोबल साहस संयम और तपस्या के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए। जीवन में कार्य करने की प्रेरणा समसामयिक परिस्थितियों से जूझने की इच्छा शक्ति एवं असफलता में ना घबराने तथा प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने की अदम्य जिजीविषा के साथ संघर्ष में विजयी होने की कामना भी होनी चाहिए। मनुष्य के जीने की स्वच्छंद प्रवृत्ति केवल मनुष्य को आनंद एवं आम संतोष प्रदान कर सकती है पर ईश्वर के बनाए मनुष्य की परिणति सर्वथा इसके विपरीत है, मनुष्य को सदैव प्रयत्नशील होकर मानवीय संवेदनाओं को सहेज कर जगत के कल्याण के बारे में तन मन धन से प्रयास करना चाहिए तभी मनुष्य के जीने का लक्ष्य संपूर्ण रूप से प्राप्त हो सकता है।

विभिन्न चिंतकों का मानना है कि जिंदगी एक रंगमंच है और हम सब अलग-अलग किरदार की तरह उसे निभाते चले जाते हैं। पर इस किरदार को निभाने में सच्चाई ईमानदारी प्रयत्नशीलता एवं संघर्षों के प्रति साहस जिंदगी को रुचिकर बनाकर आगे बढ़ने के प्रयास को द्विगुणित करते हैं। वैसे जीवन में सफलता और असफलता दोनों ही सिक्के के दो पहलू हैं और सफलता तथा असफलता को एक ही ही उत्साह से स्वीकार करने वाला व्यक्ति सफल व्यक्तित्व का मालिक हो सकता है। जीवन में यदि लोभ,कामना,स्पृहा, लालच से यदि बचकर आगे बढ़ा जाए तो जीवन सात्विक तौर पर दार्शनिक जीवन माना जा सकता है पर ऐसे जीवन में आर्थिक तंत्र अत्यंत मजबूत हो इसकी कोई निश्चिंतता का कोई निश्चित परिणाम नहीं होता है। इसीलिए मनुष्य को सदैव आध्यात्मिक चिंतन,मनन, धर्म, संस्कृति और आर्थिक लाभ से सामंजस्य बनाकर समाज के निचले तबके के व्यक्ति के लिए समर्पित जीवन ही एक जीवन के मूल उद्देश्य का परिणाम हो सकती है। जीवन को रंगमंच की तरह जीने वाले और ऐसे नजरिया को अपनाने वाले व्यक्ति को क्षणवादी माना जा सकता है जो जीवन के प्रत्येक क्षण को पूर्णता वादी नजरिए से देखते हैं ऐसे ही लोग परिवर्तन को सबसे बड़ा सत्य मानते हैं और इनका उद्देश्य परिवर्तन ही सबसे बड़ा परिवर्तनशील कारक होता है। जीवन में आने वाला हर पल अनिश्चित होता है इसका यह कतई आशाय नहीं है कि हम अपने आप को भाग्य के भरोसे छोड़ दें और कर्म को त्याग दें। यह निश्चित तौर पर सत्य है कि कर्म और भाग्य दोनों समानांतर चलने वाली प्रक्रिया है और कर्म से भाग्य को बदला जा सकता है और अपने लक्ष्य की प्राप्ति में इन दोनों का सामंजस्य पूर्वक संतुलन बनाकर उपयोग मनुष्य के जीवन की प्राप्ति का एक साधन बन सकता है। कर्म के साथ परिणामों को बहुत महत्व दिए जाने की आवश्यकता नहीं है यदि परिणाम व्यक्ति के अनुरूप नहीं होते तो निराशा की संभावना ज्यादा बलवती होती है इन परिस्थितियों में जीवन में सदैव कर्मशील रहकर सकारात्मक सोच के साथ जीवन को निरंतर चलाएं मान गतिमान रखने का अथक तथा निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए तब ही आप अपने जीवन के सद उद्देश्यों की प्राप्ति कर सकते हैं।



-संजीव ठाकुर

### क्षणिकाएं

***अंधेरों के खिलाफ***
*लड़ाई तुम्हें लड़ना हैं*
*तो अंधेरे के खिलाफ लड़े*
*इसी में*
*अपना होंसला भरे*
*यदि इस तरह की*
*लड़ोगे लड़ाई*
*समाज में पूजे जाओगे भाई*

***नफरत का भेड़ियॉ***
*नफरत का भेड़ियॉ*
*तुम्हारे भीतर बैठा हुआ हैं*
*जो तुम्हें ही डस रहा हैं*
*अतः दोस्त।*
*इस भेड़िये को मारे*
*उसे बाहर निकाले*
*वर्ना तुम जी नहीं सकोगे*
*भीतर ही भीतर*
*बेमौत मारे जाओगे*

***औंधी पड़े रहना***
*हर समय मंत्री जी को*
*कुर्सी की चिंता*
*रात दिन सताती हैं*
*इसी चिंता में*
*समस्या? औंधी*
*पड़ी रह जाती हैं*

***सेहत***
*भ्रष्टाचार को जो भी*
*मीठा अचार*
*समझकर खाते हैं*
*वे ही अपनी सेहत*
*बहुत अच्छी पाते हैं*

***-रमेश मनोहरा***

# रात के बाद आठ दिनों तक नहीं बारिश के आसार

## फिर कमजोर हुआ सिस्टम, शहर में हो रही बूंदाबांदी



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लेट आए मानसून ने एक बार फिर शहरवासियों की उम्मीद पर पानी फेर दिया है। जो शहर में आया तो जरूर लेकिन शहर में न के बराबर बारिश हुई। जबकि उम्मीद मध्यम से भारी बारिश की थी। अब मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि यदि शुक्रवार रात को बारिश नहीं होती है तो 8 या 9 जुलाई तक ही नया सिस्टम सक्रिय हो सकता है।

जबकि 26 जून को मानसून ने शहर में दस्तक दे दी थी। जिसकी शुरूआत तेज बारिश के साथ हुई थी। उम्मीद थी कि 30 जून तक शहर तरबतर हो जाएगा लेकिन उसके उलट बूंदाबांदी या हल्की बारिश ही शहरवासियों को नसीब हुई है। इधर जब तक तेज बारिश न हो और जमीन में पानी की मात्रा पर्याप्त न हो तो किसान बोवनी भी नहीं कर सकते। जबकि आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश के बाद बोवनी का काम भी शुरू हो चुका है और शहरवासी अब तक बोवनी के लायक बारिश की बाट जोह रहे हैं। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि शुक्रवार रात को ही बारिश की संभावना है। इसके बाद शनिवार-रविवार में बारिश की संभावना काफी कम है। इसके बाद सोमवार से मौसम खुलने की संभावना ज्यादा है। इसके बाद अगला सिस्टम बनने में करीब 1 सप्ताह का समय लग सकता है ओर 8 जुलाई तक बारिश की संभावना काफी कम है।

### दिनभर बनी रही उम्मीद, बूंदाबांदी से घुली ठंडक

मानसून के शहर में दस्तक देते ही मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि शहर में 30 जून तक भारी बारिश होगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। शहर में प्रतिदिन बारिश का दोर चला जरूर लेकिन कुछ देर के लिए बूंदाबांदी ही हुई और बादल तरसाकर लौट गए। शुक्रवार को भी यही हुआ और दिनभर ठंडी हवाओं ने डेरा डाले रखा और फुहारें बरसती रही। जिससे दिन का अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री दर्ज किया गया। तो रात का तापमान भी 23.3 रहा।

### पिछले 24 घंटों में 34.4 मि.मी. औसत वर्षा

जिले में गत दिवस से आज प्रातरू 8.00 बजे तक कुल 34.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में गत दिवस से आज तक सर्वाधिक वर्षा तहसील मो. बड़ोदिया में 86 मि.मी. हुई है। इसी तरह शुजालपुर में 55 मि.मी., गुलाना में 18 मि.मी., शाजापुर में 9 मिमी एवं कालापीपल में 4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार 01 जून 2023 से अब तक शाजापुर में 90 मि.मी., मो.बड़ोदिया में 221 मि.मी., शुजालपुर में 142 मि.मी., कालापीपल में 98 मि.मी. एवं गुलाना में 56 मि.मी. इस प्रकार कुल 121.4 मि.मी. औसत वर्षा हुई है। जबकि जिले की सामान्य वर्षा 990.1 मि.मी. है।

# अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के 05 जुलाई को शाजापुर जिले की जनपद पंचायत मोमन बड़ोदिया की ग्राम पंचायत गुलाना में प्रस्तावित सी.एम. राईज विद्यालय के लोकार्पण एवं विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता के लिए कलेक्टर किशोर कन्याल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा आवश्यक संपूर्ण व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने सहित विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संतोष कुमार टैगोर रहेंगे। नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आज से कार्यक्रम समाप्ति तक आवश्यक व्यवस्था के लिये उत्तरदायित्व सौंपे गये है।

# गांजा तस्करों को हुआ 10-10 साल का सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रूपये का जुर्माना

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिनांक 14 अक्टूबर 2020 को तस्कर नरेश मीणा, मोहन पुष्पकार श्याम यादव उर्फ हीरो को थाना पुलिस कालापीपल द्वारा मुखबीर की सूचना पर से 21 किलो गांजे के साथ स्वीपर डीजायर कार में चांदबड रोड पर पकड़ा था।

उक्त प्रकरण में आरोपीगण को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश शाजापुर द्वारा धारा- 08/20 एनडीपीएस एक्ट में दोषी पाते हुये 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दिनांक 30.06.2023 को दंडित किया गया है। मप्र शासन की ओर से प्रकरण के संचालनकर्ता लोक अभियोजक महेन्द्रसिंह परमार ने बताया कि अभियोजन घटना अनुसार दिनांक 14 अक्टूबर 2020 को कालापीपल पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चांदबड रोड़ से एक सफेद रंग की स्वीपट डीजायर कार में तीन लोग मादक पदार्थ गांजा लेकर निकलेगे। इस पर से पुलिस थाना बल, पंच साक्षियों के साथ जाकर झाडियों की आढ में जाकर छिप गये और इसके 35-40 मिनिट बाद सफेद रंग की स्वीपट डीजायर कार क्र. आरजे 20 सीबी 407 में चांदबड रोड से मुडी, जिसे पुलिस फोर्स ने रोका। इस कार में बैठे तीन व्यक्तियों ने अपना नाम नरेश पिता सत्यनारायण मीणा निवासी रायतन, मोहन पिता प्रेमनारायण पुष्पकार निवासी ग्राम खोकरा थाना कालापीपल तथा श्याम यादव उर्फ हीरो पिता योगेश यादव निवासी संजय कालोनी थाना मुजेसर जिला फरीदाबाद (हरियाणा) बताया। कार की तलाशी लेने पर कार की डिकी में एक सफेद रंग की थेली में 21 किलो गांजा मिला जिसे पुलिस ने जप्त किया तथा आरोपीगण को गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरूद्ध पुलिस थाना कालापीपल में धारा प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान उपरान्त चालान न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां आरोपीगण के विरूद्ध विचारण के दौरान आए साक्ष्य तथा प्रमाणों के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपीगण को धारा- 08/20 एनडीपीएस एक्ट के अपराधा में दोषी पाते हुये दस-दस साल के सश्रम कारावास तथा एक-एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

# कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने भरा राजस्व का खजाना

## खनिज विभाग ने लक्ष्य की 84 प्रतिशत वसूली कर दो सालों के रिकार्ड को तोड़ा



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर किशोर कन्याल के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा न सिर्फ अवैध भंडारण, उत्खनन और परिवहन पर ही कार्यवाही नहीं की जा रही। बल्कि तीन सालों मे जितनी वसूली नहीं हुई उतनी खनिज विभाग ने तीन माह में पूरी करते हुए राजस्व जमा किया है। अवैध उत्खनन के मामले में भी वर्तमान में पदस्थ स्टॉफ ने 1.31 लाख की वसूली की है।

जिले में खनिजों के अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण पर जो कठोर कार्यवाही की जा रही है वह पिछले तीन सालों से नहीं हो रही थी। मात्र तीन माह से कम अवधि में निर्धारित खनिज राजस्व जिसका लक्ष्य 166.00 लाख था के विरूद्ध खनिज अधिकारी द्वारा कलेक्टर के निर्देश के पालन में 139 लाख की प्राप्ति की जा चुकी है। जो कि लक्ष्य का लगभग 84 प्रतिशत है। जबकि इसी अवधि में गत 02 वर्षों में 50 प्रतिशत से भी कम की प्राप्ति हुई थी। इसी प्रकार अवैध उत्खनन के प्रकरणों में अभी तक 1.31 लाख अर्थदण्ड वसूल किया गया। जबकि गत दो वर्षो में 1 लाख से भी कम अर्थदण्ड की वसूली की गई थी। यही नहीं खनिजों के अवैध परिवहन के सर्वाधिक 29 प्रकरण दर्ज किये जाकर लगभग 25 लाख रूपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। जबकि वर्ष 2021-22 की बात करें तो इनमें रूपये 3 लाख एवं 2022-23 में रूपये 5 लाख की वसूली की गई थी। इसी प्रकार अवैध भंडारण में 16.57 लाख अर्थदण्ड प्रस्तावित किया गया। जबकि वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में कोई प्रकरण ही दर्ज नहीं किया गया था। जिससे स्पष्ट होता है कि खनिज अधिकारी आरिफ खान, खनिज निरीक्षक कामना गौतम एवं उनकी टीम ने तीन सालों में जो वसूली नही की जा सकी उसे तीन माह में कर अपनी योग्यता साबित की है। इसके अलावा शाजापुर की पहचान चीलर (चन्द्रलेखा) नदी के सफाई के महाअभियान में भी खनिज विभाग ने जो योगदान दिया था वह भी उल्लेखनीय रहा।

# फिर शिखर पर काबिज हुए दयानंद महाविद्यालय के विद्यार्थी









### शत प्रतिशत रहा महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हर बार की तरह इस बार भी दयानंद सरस्वती महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाते हुए शिक्षकों की मेहनत को साकार किया है। हर बार की तरह इस बार भी महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

महाविद्यालय सीईओ रेणुका उदासी व समन्वयक विकास पंड्या ने बताया कि बीबीए तृतीय वर्ष की छात्रा नेहा पिता चंद्रप्रकाश पाटीदार ने 80, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा पिता क्रांतिविजय खेनवार ने 73.33, बीसीए तृतीय वर्ष के छात्र शिवम पिता दीपक कुमार शर्मा ने 78, बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ईशानी पिता श्यामलाल शर्मा ने 78, बीकॉम तृतीय वर्ष की माही पिता लखनसिंह ठाकुर ने 77, हिमांशी पिता राजकुमार सूद ने 76 तथा बीएससी तृतीय वर्ष की रिया पिता प्रदीप गोठी ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय व नगर को गौरवान्वित किया है। दयानंद सरस्वती महाविद्यालय की संचालन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी नारायणप्रसाद पांडे ने बताया कि यह सफलता छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों की भी है जिनकी मेहनत और विश्वास पर यह विद्यार्थी खरे उतरे हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। उन्होंने बताया कि नवीन सत्र के प्रवेश प्रारंभ है जिसमें प्रवेशित विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट कोर्स निःशुल्क करवाए जाएंगे।

### फिर दोहराई सफलता....

धोबी चौराहा स्थित दयानंद सरस्वती महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और प्रध्यापकों की काबिलियत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। इसके पूर्व भी घोषित हुए परीक्षा परिणाम में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी शिखर पर थे तो इस बार भी विद्यार्थियों ने इसे दोहराते हुए महाविद्यालय के साथ-साथ शहर को गौरवान्वित किया है।

# संभागायुक्त की अध्यक्षता में बाढ़ आपदा नियंत्रण परामर्श समिति एवं संभागीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## स्कूली/कॉलेज वाहनों की जांच करें, हेवी वाहन चलाने वाले ड्राइवरों की आंखो की जांच करें, ड्राइवरों का लाईसेंस और रिकार्ड चेक करें- संभागायुक्त



**देवास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त श्री संदीप यादव की अध्यक्षता में बाढ आपदा नियंत्रण परामर्श समिति एवं संभागीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक वीसी के माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में आईजी संतोष कुमार सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता उज्जैन में शामिल हुए तथा देवास एनआईसी कक्ष से एसपी श्री संपत उपाध्याय, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सिंह चौहान, डीएफओ प्रदीप मिश्रा, अपर कलेक्टर महेन्द्र सिंह कवचे, कमाण्डेंट होमगार्ड डॉ. मधु राजेश तिवारी, डीएसपी ट्रेफीक श्री किरण शर्मा, आरटीओ जया वसावा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त संदीप यादव ने बाढ आपदा नियंत्रण परामर्श समिति की बैठक में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि जिले में बाढ आपदा नियंत्रण कंट्रोल रूम पंचायत, तहसील, अनुभाग, जल संसाधन, लोक निर्माण, होमगार्ड और पुलिस मुख?यालय पर 24 घंटे 7 दिन के लिए स्थापित किये गये है। जिले में जिन बस्तियों में पानी भर जाता है, ऐसी बस्तियों का चिन्हांकन किया गया है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि धार्मिक स्थल एवं मेले आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाए की गई है। जिले में नेमावर और धाराजी में बाढ से बचाव के लिए रबर बोट, लाईफ जेकेट सहित अन्य बाढ़ बचाओं समग्री की व्यवस्था की गई है। जिले में पुलिस और होमगार्ड द्वारा बाढ़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की गई है। जिले में बाढ़ का पानी पुल/पुलिया पर होने पर आवागमन को रोकने के निर्देश दिये गये है।

संभागायुक्त ने संभागीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। जिलो में आयोजित सडक़ सुरक्षा बैठक की जानकारी ली। नवीन शैक्षणिक सत्र वर्ष 2023-24 प्रारम्भ होने से स्कूली/कॉलेज वाहनों का माननीय उच्चतम न्यायालय एवं मप्र शासन के दिशा-निर्देशों का पालन कर जांच करें। हेवी वाहन चलाने वाले ड्राइवरों की आंखों की जांच करें। ड्राइवरों का लाइसेंस और चरित्र का रिकॉर्ड चेक करें।

संभागायुक्त ने कहा कि वर्षा काल में जिला अंतर्गत दुर्घटना संभावित पुल/पुलियाओं/स्लेब का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही करें। सडक़ दुर्घटनाओं की रोक थाम के लिए ग्रामीण/शहरी क्षत्रों में खराब हुई सडक़ो के मरम्मत एवं दुरूस्त करें। शिक्षको को सडक सुरक्षा जागरूकता संबंधित प्रशिक्षण दे। शिक्षक स्कूली बच्चों को सडक सुरक्षा के संबंध में जागरूक भी करें।

# नर्मदा का जल स्तर बढ़ा, 867 फीट पर पहुंचा, वर्षाकाल की प्रथम जल बढ़ोतरी



**देवास/नेमावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नर्मदा के कैचमेंट क्षेत्र में चल रही भारी बरसात के चलते नेमावर में नर्मदा का जल स्तर समुद्र तल से 867 फीट पर पहुंचा है। फिलहाल जलस्तर थमा है। क्षेत्र की नर्मदा की सहायक नदियों जामनेर, बागदी, गोनी, ककड़ी, शिप आदि में जल स्तर सामान्य होने के कारण अभी खतरे से जल स्तर काफी नीचे है। बरसात के इस मौसम की नर्मदा में यह पहली जलस्तर बढ़ोतरी है। पहली बरसात में नर्मदा की सहायक नदियों के मिट्टी भरे जल से नर्मदा का जल पूर्ण रूप से गहरा मटमेला हो गया है। जो सामान्य रूप से सीधे पीने योग्य नहीं है, पर नर्मदा किनारे पर रहने वाले आमजन इस पानी को फिटकरी व अन्य तरीकों से साफ कर पीने के लिए उपयोग में लेते हैं। प्रशासन द्वारा नर्मदा के बढ़ते जल स्तर पर सतत ध्यान दिया जा रहा है।

# पेन आधार कार्ड लिंक की तारीख बढ़ाने एवं शुल्क समाप्त करने को लेकर आयकर अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**देवास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा पेन आधार कार्ड को आपस में लिंक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1000 रुपये के शुल्क के साथ 30 जून 2023 तक पैन कार्ड आधार लिंक कराना अनिवार्य किया गया था। जिन्होंने पैन कार्ड आधार आपस में लिंक नहीं कराए हैं। उनका पैन कार्ड एक जुलाई से अनुउपयोगी हो जाएगा। इसके पश्चात जो भी पैन कार्ड धारक व्यक्ति अपने पैन कार्ड का उपयोग करेगा तो उस पर पेनल्टी के रूप में 10 हजार रुपये का शुल्क लगेगा। पेन आधार कार्ड की तारीख 30 जून से बढ़ाने एवं एक हज़ार रूपये का शुल्क समाप्त करने को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस के उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मयंक जैन के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने एक पत्र वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम इनकम टैक्स कमिश्नर एम एल मीणा को सौंपा। पत्र में वित्तमंत्री से अनुरोध किया कि अभी भी देश के लाखों लोगों को यह पता ही नहीं है कि पेनकार्ड से आधार कार्ड लिंक करना अनिवार्य किया गया है। वही अनेक शर्ते वित्त मंत्रालय द्वारा ऐसी रखी गई है, जिससे उन बैंक खाताधारकों को नुकसान होगा। जिन्होंने पेन आधार कार्ड लिंक नहीं कराया है। आपसे अनुरोध है कि जनहित में पेन आधार कार्ड की समय सीमा बढ़ाई जाए एवं 1000 रुपये का शुल्क समाप्त किया जाए। कांग्रेसजनों ने श्री मीणा से मांग की है कि हमारी बात वित्त मंत्रालय तक पहुंचा दे। इस पर श्री मीणा ने कहा कि में अभी तत्काल आपका पत्र वित्त मंत्रालय तक भेज रहा हूं। वहीं उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का विषय है। उन्हीं के आदेश से इसमें संशोधन होगा। इस अवसर पर शहर जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा, संतोष मोदी, प्रतीक शास्त्री, अनिल गोस्वामी, निलेश वर्मा, पंकज वर्मा, राजू दरबार, अंकित जैन, रजत चौहान, स्पर्श तिवारी, नयनदीप सिंह राठौर सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# मण्डलेश्वर जेल का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया



**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष मण्डलेश्वर श्री सुनिल कुमार जैन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्री नरेन्द्र पटेल ने शनिवार को सब जेल मण्डलेश्वर का निरीक्षण किया गया एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विधिक सहायता अधिवक्ता श्री अजय वर्मा, श्री निसार खान, श्री रूपेश शर्मा एवं श्री जितेन्द्र सिंह पटेल द्वारा बंदियो से मूलाकात कर एवं प्रकरणों के बारे में बंदियों को वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई। शिविर में सचिव श्री पटेल ने बंदियों से उनके अधिवक्ता है अथवा नहीं के संबंध में जानकारी भी ली। साथ ही ऐसे बंदी जिनके अधिवक्ता नहीं है उन्हे विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्त करने के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। उन्होने बंदियों को संबोधित करते हुए बंदियों के अधिकारो के बारे में बताया तथा ऐसे बंदी जो पढे लिखे नहीं है उन्हे पढने लिखनें के लिए प्रेरित करते किया गया। वहीं ऐसे बंदी जो पढे लिखे है उन्हे अनपढ बंदियों को पढानें की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही बंदियों की समस्याए सुनी एवं प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने हेतु प्रयास किये जाने का आश्वासन दिया गया। न्यायाधीश ने बंदियों के बैरकों व पाकशाला का निरीक्षण किया गया तथा उनके खाने तथा स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली।

# पिछले 24 घण्टे में खरगोन में 2 इंच हुई वर्षा

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** । भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घण्टे में खरगोन तहसील में सबसे अधिक 38 एमएम यानी 2 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इसके अलावा जिले की सेगांव तहसील में 22 एमएम वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह पिछले 24 घण्टे में जिले की खरगोन और सेगांव तहसील में 60 एमएम वर्षा दर्ज की गई है।

# 2 जुलाई को ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों के मॉकपोल की कार्यवाही

**खरगोन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जुलाई शनिवार को ईव्हीएम मशीनों का एफएलसी कार्य समाप्त होगा। एफएलसी समाप्त होने के ठीक दूसरे दिन 2 जूलाई रविवार को प्रातः 8 बजे ईव्हीएम, व्हीव्हीपीएटी मशीनों का मॉकपोल की कार्यवाही की जाएगी।

# अज्ञात वाहन ने महिला को मारी टक्कर, हुई मौत

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के रसूलपुर चौराहे पर गुरूवार रात एक महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जहां से एंबुलेंस की मदद से उन्हें देवास के जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शाजापुर जिले के ग्राम खाटसुर के रहने वाली स्वाति उर्फ सुनीता सोलंकी देवास में मजदूरी करने आई थी।इसी दौरान चौराहे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। उन्हें देवास के जिला अस्पताल लाया गया, जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रसूलपुर बाईपास पर यह टापरी बनाकर रहते थे। देवास में करीब डेढ़ महीने पहले मजदूरी करने आए थे। महिला के पति का नाम राजाराम सोलंकी है।

# किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**देवास /दैनिक मालवा हेराल्ड।** अमोना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी ने अपने घर पर अज्ञात कारणों के चलते दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। किशोरी के शव का पीएम हुआ। उसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मिली जानकारी अनुसार सिमरन पिता अर्जुन सिंह राठौर उम्र 14 निवासी अमोना ने गुरुवार शाम को अपने पर दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजनों ने जब उसे देखा उसे फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी ने जान क्यों दी, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस जांच कर रही है। मृतिका सिमरन के बड़े भाई राजेन्द्र राठौर ने बताया कि सिमरन चिमनाबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पढ़ती थी। 3 बजे में घर से निकला था तब बहन सो रही थी ऐसा कुछ नहीं लगा था कि बहन ऐसा कदम उठा लेगी। हम तीन भाई बहन है।

# भाजपा नेता पर अवैध खनन कर सरकारी नाले को बन्द करने का आरोप

## किसान बोले शिकायत के बाद नहीं हुई कार्रवाई, एसडीएम बोले किसी ने शिकायत ही नहीं की





**मंदसौर/पिपलियामंडी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गांव सूंठोद में अवैध खनन कर सरकारी नाले पर मटेरियरल डालकर अवैध कब्जा करने का आरोप पिपलिया के भाजपा नेता सुधीर जैन पर आस-पास खेती कर रहे किसानों ने लगाया, वहीं भाजपा नेता ने लगाए आरोप बेबुनियाद बताए। जानकारी के अनुसार पिपलिया के भाजपा नेता सुधीर जैन (मामा) द्वारा सर्वे नम्बर 198/2 जमीन पर भराव कर समतल कराया जा रहा है, इस बीच जमीन के आस-पास खेती करने वाले किसानों ने भाजपा नेता पर अवैध खनन कर सरकारी नाले को बन्द करने व सरकारी जगह पर कब्जा करने का आरोप लगाया व कार्रवाई की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी न तो खनिज विभाग का कोई अधिकारी आया और न हि राजस्व विभाग का। किसानों ने बताया शिकायत के बाद एक दिन एसडीएम मल्हारगढ़ आए, लेकिन उनके पास किसी का कॉल आया तो वे मौके पर भी नही आए और चले गए। उक्त जगह पर पिछले 50 वर्षों से आने-जाने का रास्ता है, लेकिन वर्तमान में भाजपा नेता ने रास्ता बन्द कर दिया है। ग्रामीण अजय जयपाल, राहुल चौहान, रामसिंह, दुल्हेसिंह आदि ने बताया जमीन फोरलेन के पास स्थित है, बरसात का पानी नाले से होकर निकलता है, लेकिन भाजपा नेता ने स्वयं द्वारा ली गई कृषि भूमि के अलावा सर्वे नम्बर 207, 208, 209 की सरकारी भूमि पर भी सैकड़ों ट्राली मटेरियल अवैध खनन से भराव कर समतल करवा दिया। जिससे सरकारी नाला बन्द हो गया, अब बरसात का पानी कहां से निकलेगा? पुलिया क्षतिग्रस्त हो सकती है, कभी भी हादसा हो सकता है। किसानों ने बताया कि हमने कार्य बन्द कराने की कोशिश की तो सुधीर जैन ने जमीन में धमकी दी कि विरोध किया तो तुम्हें बन्द करा दूंगा। किसानों ने चेतावनी दी सरकारी जमीन को कब्जे से मुक्त नहीं कराया तो आन्दोलन किया जाएगा।

### जमीन के पीछे कृषि भूमि लेने के लिए बनाया जा रहा दबाव :-

इधर भाजपा नेता सुधीर जैन का कहना है मुझ पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद है, मैंने जितनी जमीन ली थी, उस पर ही भराव का कार्य चल रहा है, वहां कोई जगह सरकारी नही है, और न ही नक्शे में कोई रास्ता है। मैंने कोई अवैध खनन नही करवाया है। कुछ लोग मेरी जमीन के आस-पास रस्ती जमीन को महंगे भाव में मुझे देने के लिए दबाव बनाकर मनमानी राशि वसूलना चाहते थे, लेकिन मैंने उक्त जगह लेने से मना कर दिया तो मुझ पर मनगढ़ंत आरोप लगाकर मेरी छवि धूमिल कर रहे है।

### अभी तक किसी ने शिकायत नही की :-

एसडीएम विवेक सोनकर से इस संबंध में चर्चा की तो उनका कहना था सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर अभी तक किसी ने शिकायत नही की है, शिकायत आएगी तो जांच कराई जाएगी। वहीं शिकायत के बाद गांव में मौके पर पहुंचने के बाद भी कार्रवाई नही करने के विषय पर एसडीएम सोनकर से सवाल किया तो उनका कहना था वह रुटिन कार्य से गांव में डायवर्शन के मामले को देखने गए थे, उस दौरान भी मुझे इस संबंध में कोई शिकायत की थी।

# पर्यावरण मंत्रालय सदस्य जांगीड़ व रेस्ट अधिकारियों ने किया पौधारोपण



**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर जिले की सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम आम्बा में भारत सरकार में पर्यावरण मंत्रालय के सदस्य विनय जांगीड़ ने भ्रमण किया। जांगीड़ ने कैम्पासाईड का विजिट कर पौधारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया। पौधारोपण के समय वन विभाग से रघुरासिंह सिसौदिया, सौरभ जैन, राजेश मेहर के साथ आमजन भी मौजूद रहे।

# बिना मुण्डेर के कुएं रखने एवं जाली नहीं लगाने पर 23 व?यक्तियों पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** कुंए पर ऊंची मुण्डेर एवं जाली नहीं लगाने पर मंदसौर जिले भानपुरा तहसील के 23 व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। भानपुरा तहसील के ग्राम कुकड़ेश्वरा के मनालाल बगरेट पिता बंशीलाल, चंद्र सिंह मीणा पिता कन्हैयालाल, बगदीराम मीणा पिता पूरालाल, भगवान गुर्जर पिता उदयराम, घनश्याम गुर्जर पिता उदयराम, देवीलाल प्रजापत पिता कचरू, रामप्रसाद मीणा पिता चंपालाल, परसराम मीणा पिता चंपालाल, करण सिंह पिता जगन्नाथ कन्हैया लाल मीणा पिता लक्ष्मीनारायण, ग्राम बाबुल्दा के रामदयाल सोनी पिता रामनारायण, ग्राम मिठ्ठानखेड़ी के ग्राम रामचन्द राठौर पिता बापूलाल तहसील भानपुरा प्रकरण दर्ज हुआ है। इन 23 व्यक्तियों विरुद्ध धारा 188 भादवि के तहत कार्यवाही होगी।

# शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने के नोटिस को निरस्त करने हेतु ग्रामीणों ने दिया ज्ञापन

**सिंगोली (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड। तहसील के ग्राम रघुनाथपुरा के ग्रामीणों ने शासकीय जमीन से अति मण हटाने के नोटिस को निरस्त करने तथा उक्त जमीन को चरागाह एवं सनातन धर्म के उपयोग हेतु तहसीलदार को ज्ञापन दिया**

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील के ग्राम रघुनाथपुरा मैं स्थित शासकीय जमीन जो कि पूर्व से ही चरागाह के लिए ग्रामीणों ने नियत कर रखी थी उस पर अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार राजेश सोनी ने संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने और हेतु आदेशित किया था

जिसके बाद शुक्रवार को दोपहर 1 बजे रघुनाथपुरा के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार राजेश सोनी को उक्त शासकीय भूमि से अतिक्रमण नहीं हटाने तथा तहसीलदार द्वारा जारी अतिक्रमण हटाने के नोटिस को निरस्त करने हेतु ज्ञापन दिया है

ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम रघुनाथपुरा में स्थित लगभग 11 बीघा जमीन पर ग्रामीणों द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है उक्त जमीन किसी निजी व्यक्ति की नहीं है तथा वह चारागाह की जमीन होकर उससे प्राप्त आय को चरागाह एवं सनातन धर्म के उपयोग में लिया जाएगा

ज्ञापन में बताया कि उक्त भूमि गांव के मवेशियों के चरने के लिए है तथा उस पर किसी का अतिक्रमण नहीं है जो खेती की जा रही है वह गांव चरागाह और सनातन धर्म के उपयोग हेतु की जा रही है इसलिए ग्रामीणों ने मांग की है कि तहसीलदार महोदय द्वारा अतिक्रमण हटाने के जो नोटिस दिए गए हैं उन्हें निरस्त किया जावे

इस दौरान शिवलाल, मांगीलाल, राकेश, शंभूलाल, दुलीचंद, रमेश, अमरचंद, कैलाश, बालचंद, शंकर, रतन, सूरजमल, छोटूलाल, सत्तूलाल, भगवान लाल, गोवर्धन, कूका लाल, घीसालाल, गोपाल, मनोज, पारस, चतरुमल, रूपलाल, जगदीश, प्रभुलाल धाकड़ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# गिद्ध संरक्षण के लिए कार्यशाला में दी जानकारियां




**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** वन मंडल मंदसौर अंतर्गत गांधी सागर अभ्यारण में गिद्धों का प्राकृतिक आवास स्थल है। जहां पर गिद्ध की कुल 04 प्रजातियां पाई जाती है। साथ ही गिद्ध की 03 प्रजातियां जो यहां पर शीत ऋतु में प्रवास करती है। वर्ष 2021 में हुई गिद्ध गणना में मंदसौर जिले में लगभग 700 गिद्ध पाए गए थे, जो कि मध्यप्रदेश में पन्ना के बाद दूसरे स्थान पर है। गिद्धों के संरक्षण हेतु उनके नेस्टिंग साइट को पहचान कर उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है ताकि इनकी संख्या बढ़ सके। आज गिद्ध संरक्षण योजना समिति के डॉक्टर विकास यादव द्वारा गांधी सागर अभ्यारण में गिद्ध के संरक्षण पर वन कर्मचारियों हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से गिद्धों की प्रजातियों को पहचानना एवं उनके संरक्षण के लिए आवश्यक कार्य पर जोर दिया गया। इसके तहत गिद्धों के प्रजनन काल के दौरान किन किन क्षेत्रों में इनके द्वारा किस प्रजाति के वृक्षों पर अपने घोंसले बनाए जाते हैं तथा इनके प्रजनन के समय किस प्रकार से इन स्थों को सुरक्षित किया जा सकता है। साथ ही इन स्थानों के अक्षांश एवं देशांतर लेकर उनकी मैपिंग की जाना अत्यंत आवश्यक है। इन समस्त बिंदुओं पर डॉक्टर विकास यादव द्वारा वन स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वन मंडल अधिकारी मंदसौर संजय रायखेरे, अधीक्षक गांधीसागर राजेश मण्डावलिया एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी गांधीसागर पूर्व पश्चिम व वन स्टाफउपस्थित थे।

# ब्राह्मण समागम को लेकर कल निकलेगी वाहन रैली

**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा 10 सितंबर को मंदसौर में एक विशाल ब्राह्मण समागम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके निमंत्रण हेतु एक वाहन रैली 2 जुलाई को मंदसौर शहर में निकाली जाएगी। राष्ट्रीय परशुराम सेना के नगर अध्यक्ष श्रीद पाण्डेय ने बताया कि आयोजन में अधिक से अधिक समाजजनों की सहभागिता सुनिश्चित हो इसको लेकर 2 जुलाई को प्रातः 11 बजे परशुराम वाटिका रामटेकरी से प्रारंभ होगी जो मंदसौर नगर में भ्रमण कर भगवान गणेश एवं भगवान पशुपतिनाथ को आमंत्रित करते हुए पुनः परशुराम वाटिका पहुंचेगी। जहां वाहन रैली का पर समापन होगा।

# निरीक्षक गिरीश जेजुरकर को किया लाईन अटैच

**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने नाहरगढ़ थाना प्रभारी गिरीश जेजुरकर को शुक्रवार को लाइन हाजिर कर दिया। इससे पहले भी एसपी द्वारा तीन पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर किया गया था। इन पुलिस अधिकारियों और जवानों पर कार्रवाई की वजह स्पष्ट है। जानकारी के अनुसार एसपी अनुराग सुजानिया ने शुक्रवार को एक आदेश जारी किया। जिसमे उनके द्वारा नाहरगढ़ थाना निरीक्षक गिरीश जेजुरकर को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। इससे पहले भी एसपी सुजानिया ने नाहरगढ़ थाने में ही पदस्थ एसआई जगदीश ठाकुर, आरक्षक महेन्द्र सिंह और भावना नागदा को लाइन अटैच किया था। बताया जा रहा है कि बीते दिनों युवक-युवती द्वारा प्रेम विवाह किया गया था। जिसके बाद वह बयान के लिए थाने पहुंचे थे। जहां संबंधित युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। दूसरा कारण नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरियों से जुड़ा सामने आया है।

# चलती कार में लगी आगः राहगीर ने बचाई कार सवार की जान



**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ निवासी समीर शाह शामगढ़ से मंदसौर की ओर जा रहे थे। शुक्रवार दोपहर में बसई और खेजडिया के बीच कार से अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही देर में कार में आग लग गई। गाड़ी लॉक होने से शामगढ़ निवासी शमीर शाह आलमगढ़ कार के अंदर लॉक हो गए। यहां से गुजर रहे भानपुरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह हाड़ा की नजर कार पर पड़ी। उन्होंने गाड़ी रोककर तुरंत कार के शीशे तोड़कर समीर शाह को बचाया। कुछ ही देर में कार पूरी तरह से खाक हो गई। वीरेंद्र सिंह ने समीर को प्राथमिक उपचार के लिए बसई स्वास्थ्य केंद्र ले गए। परिजनों को सूचना कर अस्पताल बुलाया। इसके बाद वे गंतव्य पर गए।

## हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक 'दाजी' द्वारा ध्यान-योग कार्यक्रम

**उज्जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** हार्टफुलनेस संस्था उज्जैन केंद्र द्वारा शनिवार एक जुलाई को प्रातः 7.30 बजे अंजुश्री होटल में ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक और राज्य अतिथि का दर्जा प्राप्त, पद्मभूषण श्री कमलेश डी.पटेल (दाजी )के मार्गदर्शन में विधिवत ध्यान कराया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तीर्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष माखन सिंह चौहान, जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय, महानिदेशक बी.आर. नायडु, संजय सहगल कार्यक्रम समन्वयक, राजेन्द्र गौतम प्रदेश समन्वयक, संजय खण्डेलवाल संभाग समन्वयक, नवीन मिश्रा, प्रो. अंशुल भारद्वाज, संगीता पातकर, कुलदीप पाल, डॉ. वेद व्यास श्रीकांत जावड़ेकर, संजय शर्मा, प्रदीप निगम, जनअभियान परिषद के शिवप्रसाद मालवीय, सचिन शिम्?पी, सर्वजय दीक्षित, मोहन सिंह परिहार, संदीप मालवीय, अरूण व्यास, श्रीमती रेणुका श्रोत्रिय, श्रीमती नम्रता तिवारी, रितेश श्रोत्रिय तथा शहर के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्वैच्छिक संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता, ध्यान प्रेमी उपस्थित रहेंगे। नगर के अध्यात्म प्रेमी नागरिकों से अनुरोध किया है कि ध्यान सत्र के उक्त आयोजन में सम्मिलित होकर आध्यात्मिकता का लाभ प्राप्त करें।

# प्रधानमंत्री द्वारा आज राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान एवं एक करोड़ आयुष्मान कार्ड के वितरण का शुभारम्भ शहडोल में किया जायेगा



**उज्जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार एक जुलाई को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा शहडोल में एक करोड़ आयुष्मान कार्ड वितरण एवं राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम मातृ एवं शिशु चिकित्सालय चरक भवन पर दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जायेगा, जिसमें उज्जैन के समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। वीसी में अपर कलेक्टर श्री मृणाल मीना, नगर निगम आयुक्त श्री रोशन कुमार सिंह, डॉ.केसी परमार, समस्त एसडीएम, समस्त सीईओ जनपद पंचायत, समस्त सीएमओ मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान कार्ड वितरण ग्राम पंचायतों और नगरीय निकाय स्तर पर भी आयोजित किया जायेगा। इस दौरान समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष आयुष्मान ग्राम सभाएं आयोजित की जायेंगी।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि कार्ड वितरण के पूर्व ई-केवायसी अनिवार्य रूप से किया जाये। स्वास्थ्य संस्थाओं में सभी स्थानों पर कार्यक्रम का प्रसारण वेब कास्टिंग के माध्यम से किया जाये। आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। वार्डवार ऑपरेटर्स की ड्यूटी लगाई जाये। कलेक्टर ने विकास खण्डवार

**आयुष्मान**

**कार्ड वितरण का जिला स्तरीय कार्य म चरक भवन में आयोजित किया जायेगा»»समस्त ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में होगा कार्य म का सीधा प्रसारण»»कलेक्टर ने कार्ड वितरण कार्य म की तैयारियों की समीक्षा की**

कार्यक्रम के आयोजन की समीक्षा की।

बैठक में जानकारी दी गई कि शुक्रवार को ग्राम रोजगार सहायकों/आशा/आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय नागरिकों को आयुष्मान ग्राम सभा में उपस्थित होने के लिये घर-घर जाकर आमंत्रित किया गया है। साथ ही गांवों में मुनादी भी करवा दी गई है। आयुष्मान ग्राम सभाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है।

आज आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक हितग्राहियों के अनुभव मंच से साझा करवाये जायेंगे। हर ग्राम सभा में विशिष्ट अतिथि स्थानीय जनप्रतिनिधि और अध्यक्ष को आमंत्रित किया जायेगा। आयुष्मान ग्राम सभाओं के समापन पर धन्यवाद प्रस्ताव भी पारित किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम शनिवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के लिये अपने अधिकार क्षेत्र में भ्रमण करें।

# विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तैयारीः पर्यवेक्षक मोरवाड़िया और जिला प्रभारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं से चर्चा की




**मंदसौर /दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधानसभा चुनाव पर्यवेक्षक अर्जुन मोरवाडिया और जिला कांग्रेस प्रभारी अर्चना जायसवाल शुक्रवार को मंदसौर पहुंचे। उन्होंने मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक स्तर के अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के साथ मंडलम सेक्टर के कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इसके बाद कार्यकर्ताओं से सीधे वन टू वन चर्चा कर विधानसभा की स्थितियां समझी। वहीं, चुनाव में दावेदारों के नाम भी जाने। इस दौरान मंदसौर विधानसभा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से चर्चा करते हुए मोरवाड़िया ने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कमलनाथ जी की अगवाई में चुनाव की तैयारियां 4 साल से शुरु कर दी है। आज कभी भी चुनाव हो जाए कांग्रेस पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वैसे 2018 में भी जनता ने कांग्रेस की सरकार बनवाई थी। अच्छी सरकार चल रही थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने गैर कानूनी तरीके से सरकार को गिरा दिया, अब जनता फैसला करेगी।

# सांसद ने नगर के शिक्षाविदों , साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों से उनके घर जाकर मुलाकात की!

**प्रधानमंत्री के 9 वर्ष के सेवा सुशासन काल में किस लम्हे या कार्य ने आपके दिल को छुआ :- सांसद ने पूछा!»»»» लोगों ने साझा किए अपने अनुभव!»»»» धारा 370 श्री राम मंदिर निर्माण पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक सफाई कर्मियों के पैर धोना उज्जवला गैस योजना प्रधानमंत्री आवास आदि को लोगों ने प्रमुख रूप से सराहा »»»» कश्मीर में हर जगह तिरंगा देखकर पूरे शरीर के रोम रोम में सिहरन दौड़ गई:- श्रीवास्तव**





**पचोर/हेमंत कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरुवार सायंकाल को राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद रोडमल नागर नगर के बुद्धिजीवियों वरिष्ठ साहित्यकारों तथा शिक्षाविदों से मिलने उनके निवास पर पहुंचे! इस दौरान सांसद ने उनकी कुशलक्षेम पूछ कर उनसे पूछा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के सेवा सुशासन काल में किस ऐतिहासिक निर्णय कार्य या लम्हे ने आपके दिल को छुआ उस बारे में आप मुझसे अनुभव साझा कीजिए! सांसद नागर सबसे पहले मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के रिटायर्ड प्रबंधक तथा संभाग में वरिष्ठ शायर कवि की हैसियत रखने वाले कमलेश श्रीवास्तव के बालाजी नगर स्थित निवास पर पहुंचे! सांसद के इस नवाचार तथा प्रश्न पर मशहूर शायर कमलेश श्रीवास्तव ने यूं तो कई उपलब्धियां गिनाई लेकिन मुख्य रूप से इस घटना का जिक्र किया कि अभी हम दंपत्ति सम्पूर्ण कश्मीर श्रीनगर की यात्रा करके लौटे हैं निसंदेह धारा 370 हटाना ही वह महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय था! इसका परिणाम हमें तब देखने को मिला जब हम श्रीनगर की सर जमीन पर घूमे! श्रीनगर के लाल चौक पर विशालकाय तिरंगा देखकर शरीर के रोम रोम में सिहरन दौड़ गई! जिस भी टोल नाके या सरकारी इमारत के पास से हम गुजरे वहां पर प्रत्येक जगह तिरंगा देखकर सीना 56 इंच का हो गया! यहीं पर मौजूद श्री श्रीवास्तव की पत्नी रिटायर्ड प्रोफेसर वीर सावरकर महाविद्यालय श्रीमती रेखा श्रीवास्तव ने महिलाओं के उत्थान की दिशा में किए जा रहे कार्यों विशेषकर तीन तलाक से मुक्ति उज्वला योजना सहित महिला सुरक्षा के मुद्दे गिनाए ! यहां से सांसद जिले के वरिष्ठ साहित्यकार भगवानदास सोनी के शिवधाम स्थित घर पर पहुंचे जहां उन्होंने संयुक्त परिवार भरा पूरा घर देखकर प्रभावित होकर श्री सोनी की तारीफ की! यहीं पर श्री नागर ने साहित्यकार सुरेश विरमाल तथा वरिष्ठ युवा कवि मिथुन मिथिलेश से भेंट कर तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल के महत्वपूर्ण किरदार तारक मेहता शैलेश लोढ़ा के कार्यक्रम में मिथुन मिथिलेश की भागीदारी होने पर युवा कवि का माला पहना कर सम्मान किया तथा और आगे बढ़ने का आशीर्वाद प्रदान किया! यहां पर मौजूद तीनों कवियों ने संयुक्त रूप से बताया कि 9 वर्षों के प्रधानमंत्री कार्यकाल में श्री नरेंद्र मोदी ने इतने ऐतिहासिक कार्य और निर्णय किए हैं कि मस्तिष्क विचार नहीं कर पाता कि कौन सा कार्य प्रमुख रूप से गिनाए! फिर भी गरीबों को पक्के आवास देना कुंभ में स्वच्छता कर्मियों के पैर धोना पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक आदि घटनाओं ने दिल दिमाग में नरेंद्र मोदी को अमर कर दिया है! तत्पश्चात श्री नागर बुजुर्ग संगीतकार योग शिक्षक रुहेला समाज के प्रदेश अध्यक्ष बिहारीलाल रुहेला तथा वरिष्ठ गजल कार गीतकार राजेश यादव राज के घर पहुंचे जहां पर श्री यादव और श्री रुहेला ने श्री राम मंदिर निर्माण को हृदय के सबसे निकट बताया साथ ही कहा कि दुनिया के अंदर विश्व पटल पर भारत की जो छवि श्री नरेंद्र मोदी के कारण बनी है उसने हिंदुस्तान सहित दुनिया के हर देश में बसे हर भारतीय का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है! इस अवसर पर श्री नागर के साथ व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन प्रसाद गुप्ता , नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया , भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ जिला संयोजक कमल सक्सेना , भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष मन्नू यादव , युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष सतीश राठौर वरिष्ठ समाजसेवी पिछड़ा मोर्चा के नेता दिलीप कुशवाहा साथ रहे! साहित्यकारों बुद्धिजीवियों शिक्षा विभाग से मिलने के इस नवाचार पर सांसद श्री नागर से जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह अभियान देश भर में चल रहा है और इसके पीछे मंशा यह है कि जनता के मन की भागीदारी नरेंद्र मोदी के प्रति कितनी है उसका अपडेट और फीडबैक प्राप्त करना इस नवाचार का प्रमुख लक्ष्य है!

# कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थानों द्वारा संचालित बसों, वाहनों में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के संबंध में दिए निर्देश

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवीन प्रारंभ शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों का सहज एवं सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करना शैक्षणिक संस्थानों का महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है। इस संबंध में माननीय उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं शासन द्वारा विभिन्न निर्देश एवं मार्गदर्शी आदेश जारी किये गये है। कलेक्टार श्री दिनेश जैन व्दानरा पूर्व प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में जिले में संचालित सभी विद्यलायों को आदेशित किया है, कि प्रत्येक स्कूल बस पीले रंग में पेंट होना चाहिए। स्कूल बस पर स्कूल बस पीछे एवं अग्रभाग पर लिखा होना चाहिए। यदि अनुबंधित बस या पालकों द्वारा निजी स्तर पर किया गया वाहन जैसे ऑटो, मैजिक वाहन या अन्य वाहन हो, तो उस पर ऑन स्कूल ड्यूटी ÷ लिखा होना चाहिए।

कलेक्टसर ने निर्देश दिए है, कि प्रत्येक स्कूल बस में फर्स्ट एड बाक्स एवं स्कूल बसों में नियमानुसार निर्धारित स्पीड गवर्नर अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। स्कूल बसों की खिड़कियों पर सरियों की होरीजेंटल ग्रिल लगी हो। स्कूल बसों में अग्निशमन यंत्र की सुविधा हो तथा 32 सीटर से अधिक क्षमता की बसों में दो अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से होना चाहिए। स्कूल बसों पर स्कूल का नाम एवं आपातकालीन नम्बर स्पष्ट एवं पठनीय अंको में लिखा हो, स्कूल बस में दरवाजों पर लगे हुए लॉक पूर्णतः ठीक स्थिति में हो तथा सभी बस में परिचालक, सहायक प्रशिक्षित एवं संवेदनशील होना चाहिए।

कलेक्टार ने निर्देश दिए है, कि बसों में बच्चों के स्कूल बैग को रखने के लिए सीटों के नीचे पर्याप्त स्थान हो। किसी भी शिक्षक अथवा पालक को बस में सुरक्षा की जानकारी एवं मुआयना करने की सुविधा होना चाहिए। प्रत्येक चालक के पास भारी यात्री वाहन चलाने का लायसेंस होना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बस पर ऐसा ड्रायवर नही रखा जायेगा जिस पर एक से अधिक बार रेडलाईट जंप चालानी कार्यवाही की गई हो तथा अप्राधिकृत व्यक्ति से स्कूल वाहन नहीं चलवाया जा सकेगा। मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 2(47) के अनुसार स्कूल बस परिवहन यान है जिसका परमिट लिया जाना आवश्यक है। नियमानुसार इनकी सुरक्षात्मक बिन्दुओं पर फिटनेस प्रमाण पत्र आवश्यक है। स्कूल बस के चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी होना एवं नियमों का पालन करना अनिवार्य है। बसों में खिड़कियों पर परदे (कर्टेन) अपारदर्शी फिल्म लगाना प्रतिबंधित होगा। समस्त स्कूल बसों के चालक एवं परिचालक का चरित्र सत्यापन पुलिस विभाग से कराना अनिवार्य होगा। वर्षाकाल में पुल-पुलिया पर पानी का बहाव होने पर पुल पार नहीं किया जावें।

**निरंतर...2**

/2/ स्कूल प्रबंधन व बस संचालकों द्वारा जी.पी.एस., वी.एल.टी.डी. पैनिक बटन एवं सी.सी.टी.वी. के माध्यम से प्रत्येक स्कूल बस की सुचारू निगरानी रखी जाये। प्रत्येक स्कूल बस में जब उसके द्वारा छात्र-छात्राओं को लाया या ले जाया जा रहा है तो उस बस में संबंधित स्कूल की महिला सहायक, शिक्षिका महिला चालक महिला परिचालक में से कोई भी एक की उपस्थिति बस में होना अनिवार्य होगा।

सभी स्कूसल प्रबंधन उक्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। स्कूल प्रबंधन यह भी सुनिश्चित करे कि वाहन, बच्चों को स्कूल में छोड़ते समय स्कूल परिसर में ही उतारे, बच्चों को बाहर या रोड के समीप न उतारे, इस हेतु अनिवार्यतः शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाये। बस चालक एवं परिचालक निर्धारित वर्दी धारण करे, यह सुनिश्चित किया जाये। बस कैबिन में बच्चों को बैठाना प्रतिबंधित रहेगा। उपरोक्त दिशा-निर्देशों का मैजिक, ऑटो, पालकों द्वारा किये गये निजी वाहनों द्वारा भी अनुपालन सुनिश्चित किया जायें।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ग्रेडिंग जारी

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित समस्त योजनाओं की ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया गया है। माह मई 2023 की ग्रेडिंग उपसचिव म;प्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा 30 जून 2023 को जारी की गई है। कलेक्टवर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्री गुरुप्रसाद सीईओ के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में नीमच जिले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रेडिंग सिस्टचम के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित योजनाओं राज्य ग्रामीण आजीविका मिश्नक, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, स्वच्छ भारत मिश्ना, पंचायत सेक्टतर, सीएम हेल्पलाईन के आधार पर जिलेवार एवं संभागवार प्रगति का आंकलन किया जाता है इसमें निरंतर शासन की योजनाओं की लक्ष्यरपूर्ति समय सीमा में किए जाने, तथा विभिन्न मापदण्डों के आधार पर प्रत्ये क जिले अंक दिए जाकर रैकिंग का निर्धारण किया जाता है। अंको के आधार पर ओवरऑल नीमच जिले की ग्रेडिंग+, 05 में से 4.38 औसत अंक प्राप्त किए है। इस उपलब्धि पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में ओर कठिन परिश्रम के साथ शासन की समस्त योजनओं की लक्ष्यपूर्ति तथा अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासन की योजनओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए है।

# व्यापारी प्रति शुक्रवार गेहूं के स्टा.क की घोषणा पोर्टल पर करें

**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारत सरकार ने गेहूं के व्याघपार में स्टॉक सीमा लागू करने के संबंध में अधिसूचना 12 जून 2023 जारी कर विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं स्टॉक सीमा और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश 2023 लागू किया गया हैं। जिसके अनुसार व्यापारी,थोक विक्रेता के लिए 3000 टन रिटेलर के प्रत्येरक रिटेल आउटलेट के लिए 10 टन, बिग चेन रिटेलर के प्रत्यीेक रिटेल आउटलेट के लिए 10 टन और उनके सभी डिपो पर 3000 टन तथा प्रोसेसर्स के लिए वार्षिक संस्थाकपित क्षमता 75 प्रतशित या मासिक स्थाकपित क्षमता के बराबर मात्रा को शेष 2023-24 के शेष महीनों से गुणा करके जो भी कम हो गेहूं रखने की अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर.एन.दिवाकर ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त इकाइयां भारत सरकार के खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की स्थिति की घोषणा करेंगी। यदि उनके पास धारित स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक हैं तो वे अधिसूचना के जारी होने की तारीख (12 जून 2023) से 30 दिन के भीतर 11 जुलाई 2023 तक इसे निर्धारित स्टॉक सीमा तक लायेंगी। उक्त इकाइयों द्वारा 23 जून 2023 तक अपने स्टॉक की जानकारी उक्त पोर्टल पर अपलोड की जाए एवं प्रत्येक शुक्रवार को भारत सरकार के उक्त पोर्टल पर स्टॉक की घोषणा करें। कलेक्टंर श्री दिनेश जैन द्वारा उक्ते आदेश के पालन में जिले के सभी गेहूं का व्यापार करने वाले व्यापारी,थोक विक्रेता, रिटेलर, बिग बेन रिटेलर और प्रोसेसर्स सूचित किया हैं कि उक्त पोर्टल पर गेहूं के स्टॉक की घोषणा प्रति शुक्रवार को की जाकर शासन के निर्देशों का पालन करें। ऐसा न करने पर संबंधित के विरूद्ध जांच कर कार्यवाही की जावेगी।

# ब्रिज बिजनेस चैंबर्स इंडस्ट्री फेडरेशन ने ब्रिज के लिए प्रथम संरक्षक के रूप में शामिल किया राजा बुंदेला जी का नाम



**जीएनएस।** ब्रिज बिजनेस चैंबर्स इंडस्ट्री फेडरेशन ने अपने बढ़ते कदमों में एक कदम और जोड़ा है अब ब्रिज के लिए प्रथम संरक्षक के रूप में श्री राजा बुंदेला जी का नाम जुड़ गया है। श्री राजा बुंदेला एक प्रसिद्ध फिल्म, थिएटर, निर्देशक, अभिनेता और टीवी कलाकार और नेशनल फेडरेशन ऑफ न्यू स्टेट्स (एनएफएनएस) के महासचिव हैं। वह वर्तमान में बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष, फिल्म विकास बोर्ड के सदस्य और बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा (स्थापना 1988) के अध्यक्ष हैं। राजा बुंदेला जी को कला में उनके योगदान के लिए कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इनमें प्रथा के लिए क्रिटिक्स अवॉर्ड, बेस्ट एक्टर यूपी फिल्म्स, नेशनल फेडरेशन ऑफ यूथ अवॉर्ड उल्लेखनीय हैं। बुंदेलखंड एकेडमी ऑफ सिनेमा, कल्चर एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स के संस्थापक, स्वशासन (स्वराज) के अधिकार की मांग करने वाले बुंदेलखंड के 50 मिलियन लोगों के नेता के रूप में श्री बुंदेला जी की पहचान है। इस बात की पुष्टि ब्रिज बिजनेस चैंबर्स इंडस्ट्री फेडरेशन के संस्थापक निदेशक श्री पी. टेकवानी जी ने आज सभी सोशल मीडिया के माध्यम से की। उन्होंने बताया की ब्रिज बिज़नेस चैम्बर के लिए श्री बुंदेला जी का संरक्षक बनना गर्व का विषय है और पूरा ब्रिज परिवार उनका आभारी है।

# मैसी शोरूम फीडर से विद्युत प्रदाय आज बाधित रहेगा

**नीमच।** म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कंपनी नीमच के सहायक यंत्री (शहर) ने बताया, कि एक जुलाई 2023 शनिवार को ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य होने के कारण 11 केव्ही मेसी शोरूम फीडर से जुडे कुछ उपभोक्ताओं का विद्युत प्रदाय प्रातः8.30 बजे से प्रातः9.30 बजे तक बंद रहेगा। 11 केव्ही मेसी शोरूम फीडर बन्द रहने से फव्वारा चैक, सिविल हास्पिटल कालोनी एरिया, एस.पी.कार्यालय, शास्त्रि नगर, राजीव नगर, बगीचा नंबर 4, 5, 10, 13 नया बाजार, विनोबागंज, पटेल चाल, महाराणा बंगला, जवाहर नगर, गांधी नगर, चौधरी हास्पीटल, गुप्ता हास्पीटल, डा.देवधर, डाक बंगला, जवाहर नगर का कुछ क्षेत्र आदि प्रभावित होगें। आवश्यकतानुसार समय घटाया एवं बढ़ाया जा सकता है।

# अपने दीर्घ अनुभवों का लाभ परिवार एवं समाज को प्रदान करें-श्री जैन

## कलेक्ट्ररेट परिवार ने दी संयुक्तम कलेक्टर श्री देवडा को सेवानिवृत्ति पर विदाई



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय सेवा में रहकर प्राप्तद किए गए अपने दीर्घ अनुभवों का लाभ परिवार एवं समाज को सेवानिवृत्ति के बाद प्रदान करते रहे। शासकीय सेवा में रहते शेष रहे पारिवारिक जिम्मेपदारियों का अब अच्छेस से निवर्हन करें। यह बात कलेक्टीर श्री दिनेश जैन ने शुक्रवार को कलेक्टोमरेट सभाकक्ष नीमच में संयुक्ते कलेक्टवर श्री पी.एल.देवडा की सेवानिवृत्ति पर आयोजित सम्मानि समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर सहायक कलेक्टटर श्री सृजन वर्मा एसडीएम, डॉ.ममता खेडे, संयुक्तक कलेक्टुर सुश्री प्रीती संघवी, डिप्टी कलेक्ट्र सुश्री किरण आंजना व अन्या अधिकारी तथा कलेक्टो रेट के कर्मचारी उपस्थि?त थे।

संयुक्तक कलेक्टुर श्री पी.एल.देवडा में सेवानिवृत्ति पर अपने दीर्घ अनुभव साझा करते हुए कहा, कि हमें अपने अधिकार के साथ ही दायित्वोंट का भी जिम्मेनदारी से निवर्हन करना चाहिए। उन्होपने कहा, कि शासकीय सेवा में हम अपने लिए कठोर एवं दूसरों के लिए सहज सरल रहकर दायित्वों का निवर्हन करें। इस मौके पर सहायक कलेक्टअर श्री सृजन वर्मा, एसडीएम डॉ.ममता खेडे अन्यर अधिकारियों श्री आर.एस.सुत्रकार, श्री गोपाल परमार, सुश्री पींकी सांठे, श्री विजय सैनानी आदि ने भी अपने विचार व्ययक्तस करते हुए सेवानिवृत्त संयुक्तग कलेक्टकर श्री पी.एल.देवडा को सुखी समृद्ध एवं स्व स्थप तथा दीर्घायु जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

कलेक्टीर श्री दिनेश जैन ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर, संयुक्त कलेक्टयर श्री देवडा का सम्मा्न किया तथा निर्वाचन कार्यालय व कलेक्टॉरेट परिवार की ओर से उन्हें स्मृसति चिन्हक भेंट किए।

# सोनी सब के वागले की दुनिया की चिन्मयी साल्वी और शीहान कपाही ने अपने भाई-बहन के रिश्ते के बारे में बात की







**जीएनएस।** टेलीविज़न शो, विशेष रूप से परिवार पर केंद्रित धारावाहिकों की शूटिंग करते समय, अभिनेता स्वाभाविक रूप से बढ़िया बॉन्ड बना लेते हैं। भाई-बहन के रिश्ते के मामले में ऐसा और भी अधिक होता है। एक-दूसरे को चुटकुले सुनाने से लेकर, एक-दूसरे के रहस्यों को छिपाने या खाने के लिए झगड़ने तक, भाई-बहन का बंधन असल में खास होता है। ऐसी ही एक ऑन-स्क्रीन भाई-बहन की जोड़ी चिन्मयी साल्वी और शीहान कपाही की है, जो सोनी सब के शो वागले की दुनिया में सखी और अथर्व वागले का किरदार निभाते हैं। ढाई साल से अधिक समय तक एक साथ शूटिंग करने के बाद, दोनों बहुत नज़दीक आ गए हैं। हाल के एपिसोड में जब अथर्व का अपहरण कर लिया गया, तो उसके वापस लौटने पर उसकी बहन सखी ने उसे आइसक्रीम का बाउल देकर सांत्वना दी और उसे आश्वासन दिया कि चाहे कुछ भी हो, वह हमेशा उसके साथ रहेगी। अपने वास्तविक जीवन के सौहार्द्र को आगे बढ़ाते हुए, कलाकार चिन्मयी और शीहान का बॉन्ड भी उतना ही दिल का छूने वाला है। परीक्षा के लिए पढ़ाई में एक-दूसरे की मदद करने से लेकर जीवन भर एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाने तक, उन्हें हमेशा एक खास बॉन्ड साझा करते हुए देखा जाता है।

शीहान के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए, सोनी सब के शो वागले की दुनिया की चिन्मयी साल्वी ने कहा, ÷वागले की दुनिया में शीहान के साथ काम करना हर तरह से मज़ेदार रहा है। हम हमेशा चुटकुले सुनाते रहते हैं और एक-दूसरे की टांग खींचते रहते हैं, साथ ही अपने ऑनस्क्रीन माता-पिता का किरदार निभाने वाले सुमीत सर और परिवा मैम को भी चिढ़ाते रहते हैं। शो में अथर्व का अपहरण होने की कहानी ने वास्तव में शीहान और मुझे करीब ला दिया। इसमें एक प्यारा दृश्य है, जहां मैं शीहान के घर लौटने के बाद उसे गले लगाती हूं और उससे कहती हूं कि तुम मेरे जीवन का हिस्सा नहीं हो, लेकिन तुम मेरा जीवन हो और इसने हम पर गहरा असर डाला है। उस पल ने हमारे बंधन को मजबूत किया, और हमें यह एहसास हुआ कि हम हमेशा एक-दूसरे का समर्थन करेंगे। चाहे उसके साथ फुटबॉल की प्रैक्टिस करना हो या उसकी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करना हो, शीहान और मैं हमेशा एक-दूसरे के साथ मस्ती करते रहते हैं।

चिन्मयी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए, शीहान ने कहा, मुझे याद है कि जब मेरे पैर का अंगूठा टूट गया था, तो चिन्मयी दी मुझे देखने के लिए आने वाले पहले कुछ लोगों में से एक थीं। उन्होंने ही मुझे अपने प्यार, खेल और ढेर सारे खाने से बिगाड़ा है। जब भी मेरी परीक्षाएं होंगी, तो वह शॉट्स के बीच में रिवीज़न करने में मेरी मदद करेंगी और सुनिश्चित करेंगी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाऊं। वह कभी-कभी मेरे साथ फुटबॉल भी खेलेंगी और हम साथ में अपना समय बिताएंगे। अगर मेरी कोई बड़ी बहन होती, तो उसके चिन्मयी दी जैसी होने पर मुझे खुशी होती। हमारा बॉन्ड हमारे किरदारों अथर्व और सखी की तरह ही बहुत खास है।

**वागले की दुनियाः नई पीढ़ी नए किस्से देखते रहिए, हर सोमवार से शनिवार रात 9.00 बजे, केवल सोनी सब पर**

# कलाकारों ने अपने गुरूओं के प्रति जताया आभार

गुरू, हमारे मार्गदर्शक होते हैं एवं टीचर्स, मेंटॉर और काउंसलर की भूमिका निभाते हैं। वह हमें अपना ज्ञान बांटते हैं और प्रेरणादायक आदर्श होते हैं। गुरू पूर्णिमा का त्यौहार अपने जीवन में ऐसे गुरूओं के सम्मान के लिये हर साल मनाया जाता है। इस अवसर पर एण्डटीवी के कलाकार उन लोगों के बारे में बात कर रहे हैं, जो उनके मेंटॉर रहे हैं और जिन्होंने उन्हें गहराई से प्रेरित किया है। यह कलाकार हैं दर्शन दवे (रणधीर शर्मा, 'दूसरी माँ'), योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी, 'भाबीजी घर पर हैं')। दूसरी माँ के रणधीर शर्मा, यानि दर्शन दवे ने बताया, ''अपने जीवन की हर अवस्था में, मेरा सौभाग्य रहा है कि मेरी माँ ने न सिर्फ मुझे मार्गदर्शन दिया, बल्कि मेरी गुरू भी रहीं। उनका अटूट समर्थन और संरक्षण मेरी यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण रहा है। हालांकि, संगीत में मेरी कोशिशों पर उनका व्यापक प्रभाव अलग ही है। उन्होंने मेरा परिचय संगीत से कराया, मेरे जुनून और प्रतिभा को बढ़ावा दिया और एक समर्पित शिक्षक की तरह काम किया। मैं बड़े ही लगाव से उन अनगिनत घंटों को याद करता हूँ, जो उन्होंने विभिन्न वाद्ययंत्रों को बजाना सिखाते हुए मेरे साथ बिताए। संगीत को लेकर उनके धीरज, विशेषज्ञता और प्रेम ने ऐसा माहौल दिया, जहाँ मेरी कुशलताएं विकसित हो सकीं और मैंने संगीतमय अभिव्यक्ति की गहराई को जाना। मेरा बड़ा सौभाग्य है कि वह मेरी शिक्षक रहीं, उन्होंने मुझे मेलोडी और रिदम की बारीकियाँ सिखाईं। लेकिन मेरे गुरू के तौर पर उनकी भूमिका संगीत से आगे भी जाती है। वह मेरी ताकत रही हैं, उन्होंने जिन्दगी के सभी पहलूओं में अटूट मार्गदर्शन और संरक्षण दिया है। उनकी बुद्धि, प्रेम और समर्पण ने मेरे चरित्र को आकार दिया है और मुझे जिन्दगी के अनमोल सबक सिखाये हैं। गुरू पूर्णिमा पर मैं अपनी प्यारी माँ के प्रति हार्दिक आभार और प्रशंसा व्यक्त करता हूँ। मेरे जीवन पर उनके प्रभाव को मापा नहीं जा सकता और मेरी गुरू के रूप में उन्होंने जो अटूट सहयोग और बड़ा प्रभाव दिया है, उसके लिये मैं हमेशा आभारी हूँ।''











हप्पू की उलटन पलटन के दरोगा हप्पू सिंह, यानि योगेश त्रिपाठी ने बताया, ''मैंने इंडस्ट्री में कई निर्देशकों के साथ काम किया है, लेकिन शशांक बाली जी मेरे सबसे बड़े समीक्षक और समर्थक हैं। उनके मार्गदर्शन में मुझे 'भाबीजी घर पर हैं' और 'हप्पू की उलटन पलटन' जैसे शोज में भूमिकाएं मिलीं और मेरी अभिनय कुशलताएं ज्यादा गहराई के साथ बढ़ीं। उन्होंने मुझे मार्गदर्शन की किरण दी है और अपने सबसे अच्छे स्वरूप में आने में मेरी मदद की है और आज भी शंका होने पर मैं उनसे सलाह मांगता हूँ। उनके साथ काम करने का अनुभव सीखने के लिये बेजोड़ रहा है। आज एक सफल एक्टर के रूप में मेरा उनके लिये हार्दिक आभार और मेरे सभी गुरूओं के लिये भी, जिन्होंने मुझे आकार देने वाले अनमोल सबक दिये और याद दिलाया कि मैं अपने गिलास को हमेशा आधा खाली रखूं और सीखने के नये अनुभवों के लिये खुला रहूं।''

एण्डटीवी के भाबीजी घर पर हैं में मनमोहन तिवारी बने रोहिताश्व गौड़ ने बताया, ''गुरू पूर्णिमा के इस शुभ अवसर पर मैं रणजीत कपूर के प्रति गहराई से आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिनका मेरे जीवन पर सबसे बड़ा प्रभाव रहा है। एक जाने-माने फिल्मकार और नाटककार के रूप में उनके उल्लेखनीय योगदानों को विशेष पहचान मिलनी चाहिये। उनके अटूट समर्थन के कारण नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में मेरा सफर काफी सफल रहा। उनकी अमूल्य उपस्थिति के बिना मेरा जीवन कितना अलग होता, इसकी मैं थाह भी नहीं ले सकता। मेरे सामने आई हर चुनौती के वक्त वह मेरे साथ खड़े रहे और अपने निर्देशन के नाटकों में मुझे विभिन्न भूमिकाओं में लिया। उन्होंने न सिर्फ अनिश्चिता में मेरा मार्गदर्शन किया, बल्कि अपनी असली क्षमता को साधने के लिये मुझे सशक्त भी किया। उनके साथ मिलकर काम करना सीखने का एक असाधारण अनुभव था, जिसने मुझे आज एक सफल एक्टर के रूप में आकार दिया है। मैं पूरे दिल से अपनी सफलता अपने गुरू और प्रिय श्री रणजीत कपूर को समर्पित करता हूँ।''

**देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर!**





वीरांगना रानी दुर्गावती
बलिदान दिवस समारोह

शुभारंभ

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी द्वारा

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन

20 जनजातीय बहुल जिलों के 2 लाख हितग्राहियों को सिकल सेल जेनेटिक काउंसिलिंग कार्ड का वितरण

1 करोड़ आयुष्मान कार्ड का वितरण

1 जुलाई, 2023
दोपहर 3:00 बजे
जिला शहडोल, मध्यप्रदेश



मंगुभाई पटेल, राज्यपाल



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

D11053/23 सीधा प्रसारण pmindiawebcast.nic.in DDNEWS @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023


मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )